हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।5।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु मोह तिमिर ने सदियों से, हमको जग में भरमाया है।
उस मोह अन्ध के नाश हेतु, मणिमय शुभ दीप जलाया है।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, अर्चा कर ज्ञान के दीप जलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।6।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हसिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: महा मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

भव वन में ज्वाला धधक रही, कर्मों के नाथ सतायें हैं।
हों द्रव्य भाव नो कर्म नाश, अग्नि में धूप जलायें हैं।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, पूजा करके वसु कर्म जलें ।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।7।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सारे जग के फल खाकर भी, हम तृप्त नहीं हो पाए हैं।
अब मोक्ष महाफल दो स्वामी, हम श्रीफल लेकर आए हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ति कर हमको मोक्ष मिले।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।8 ।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हंत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

हमने संसार सरोवर में, सदियों से गोते खाये हैं।
अक्षय अनर्घ पद पाने को, वसु द्रव्य संजोकर लाये हैं।।

नव कोटि शुद्ध नव देवों के, वन्दन से सारे विघ्न टलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।3।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धत्ता छन्द

नव देव हमारे जगत सहारे, चरणों देते जल धारा।
मन वच तन ध्याते जिन गुण गाते, मंगलमय हो जग सारा।।
शांतये शांति धारा करोति।

ले सुमन मनोहर अंजलि में भर, पुष्पांजलि दे हर्षाएँ।
शिवमग के दाता ज्ञानप्रदाता, नव देवों के गुण गाएँ।।
दिव्य पुष्पांजलि क्षिपेत्।

जाप्य

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो नम:।

दोहा

मंगलमय नव देवता, मंगल करें त्रिकाल।
मंगलमय मंगल परम, गाते हैं जयमाल।।

(चाल टप्पा)

अर्हन्तों ने कर्म घातिया, नाश किए भाई।
दर्शन ज्ञान अनन्तवीर्य सुख, प्रभु ने प्रगटाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटी से, पूजों हो भाई। जि...

सर्वकर्म का नाश किया है, सिद्ध दशा पाई।
अष्टगुणों की सिद्धि पाकर, सिद्ध शिला जाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटी से, पूजों हो भाई। जि...

पञ्चाचार का पालन करते, गुण छत्तिस पाई।
शिक्षा दीक्षा देने वाले, जैनाचार्य भाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

उपाध्याय है ज्ञान सरोवर, गुण पच्चिस पाई।
रत्नत्रय को पाने वाले, शिक्षा दें भाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

ज्ञान ध्यान तप में रत रहते, जैन मुनी भाई।
वीतराग मय जिन शासन की, महिमा दिखलाई।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

सम्यक् दर्शन ज्ञान चरित्रमय, जैन धर्म भाई।
परम अहिंसा की महिमा युत, क्षमा आदि पाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

श्री जिनेन्द्र की ओम् कार मय, वाणी सुखदाई।
लोकालोक प्रकाशक कारण, जैनागम भाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

वीतराग जिनबिम्ब मनोहर, भविजन सुखदाई।।
वीतराग अरु जैन धर्म की, महिमा प्रगटाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

घंटा तोरण सहित मनोहर, चैत्यालय भाई।
वेदी पर जिन बिम्ब विराजित, जिन महिमा गाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

दोहा

नव देवों को पूजकर, पाऊँ मुक्ती धाम।
''विशद'' भाव से कर रहे, शत्-शत् बार प्रणाम्।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

भक्ति भाव के साथ, जो पूजें नव देवता।
पावे मुक्ति वास, अजर अमर पद को लहें।।

इत्याशीर्वाद :

विनायक यंत्र पूजा

स्थापना

दोहा- **परमेष्ठी जिन पाँच हे !, मंगल आदि तीन।**
अत्र तिष्ठ मम् हृदय में, करो विघ्न सब क्षीण।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरण भूत ! अत्रावतर संवौषट् आह्ववाननम्।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरण भूत ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरण भूत ! अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

स्वच्छ जल यह तीर्थ का हम, अर्चना को लाए हैं।
जन्म, मृत्यु अरु जरा को, नाश करने आए हैं।।
पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेष्ठ चन्दन यह सुगन्धित, परम शीतल लाए हैं।
नाश हो भव ताप निर्मल, चित्त से हम आए हैं।।
पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

धवल अक्षत मोतियों सम, स्वच्छ धोकर लाए हैं।
मिले अक्षय पद हमें अब, कर्म से घबड़ाए हैं।।

पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

विविध वर्णों के सरस शुभ, फूल जो महकाए हैं।
नाश हो मम् काम बाधा, हम चढ़ाने लाए हैं।।
पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

शर्करा घृत का मनोहर, शुद्ध चरुवर लाए हैं।
क्षुधा बाधा नाश हेतु, हम चढ़ाने आए है।।
पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वर्ण रत्नों से सुसज्जित, दीप मनहर लाए हैं।
मोह का तम नाश करके, ज्ञान पाने आए हैं।।
पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अग्नि में जलाने, यह दशांगी लाए हैं।
कर्म आठों नाश करने, हम शरण में आए हैं।।

पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

विविध अनुपम सरस फल यह, हम चढ़ाने लाए हैं।
मोक्ष पद हो प्राप्त हमको, भाव से हम आए हैं।।
पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट द्रव्यों से बनाकर, अर्घ्य हम यह लाए हैं।
पद हमें हो प्राप्त अनुपम, वन्दना को आए हैं।।
पञ्च परमेष्ठी जगत् में, चार मंगल हैं महा।
चार उत्तम लोक में शुभ, शरण पाऊँ मैं अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठिन् मंगल लोकोत्तम शरणेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(शम्भू छन्द)

हे जिनेन्द्र! तुमने अनादि की, भव सन्तति का नाश किया।
अर्हत् पदवी को पाकर के, केवलज्ञान प्रकाश किया।।
चरण कमल में प्रभो! आपके, भाव सहित करते अर्चन।
मोक्षमार्ग के परम प्रकाशक, करते हम शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं अनन्तचतुष्टय समवशरण लक्ष्मी विभ्रतेऽर्हत्परमेष्ठिनेऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट कर्म का नाश किए प्रभु, भाव कर्म का किए विनाश।
चित् चैतन्य स्वरूप निरत हो, निज स्वभाव में कीन्हे वास।।

जिन त्रैकालिक सिद्ध प्रभु को, भाव सहित करते अर्चन।
चरण कमल में विशद भाव से, करते हैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं अष्टकर्म काष्ठगणं भस्मीकुर्वर्त सिद्धपरमेष्ठिने अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पञ्चाचार परायण हैं जो, शिक्षा-दीक्षा के दाता।
सप्त तत्व छह द्रव्य धर्म अरु, नय प्रमाण के हैं ज्ञाता।।
जैनाचार्य लोक में पूजित, का हम करते हैं अर्चन।
चरण कमल में विशद भाव से, करते हैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं पञ्चाचार परायणाचार्य परमेष्ठिने अनर्घ पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य अर्थ श्रुत तत्त्व बोध के, ज्ञाता मुनिवर लोक महान्।
अध्ययन अध्यापन में रत जो, उपाध्याय सद्गुण की खान।।
द्वादशांग श्रुत को करते हैं, भाव सहित हम भी अर्चन।
चरण कमल में विशद भाव से, करते हैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं द्वादशांगपठन पाठनोद्यतायोपाध्याय परमेष्ठिनेऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मरूप पर्वत के भेत्ता, द्वय प्रकार तप के धारी।
शैय्याशन जिनकी विविक्त है, निर्विकार हैं अविकारी।।
रत्नत्रय रत सर्व साधु का, भाव सहित करते अर्चन।
चरण कमल में विशद भाव से, करते हैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं त्रयोदश प्रकार चारित्राराधक साधु परमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(जोगीरासा छन्द)

सुरनर विद्याधर से पूजित, अर्हत् मंगल गाये।
जल फल आदि अष्ट द्रव्य ले, हम पूजा को आये।।

मंगलमय जीवन हो मेरा, विशद भावना भाते।
तीन योग से चरण कमल में, सादर शीष झुकाते।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर अर्हन्मंगलार्घं निर्वापामीति स्वाहा।

ध्रौव्योत्पाद विनाश रूप जो, अखिल वस्तु को जाने।
परम सिद्ध परमेष्ठी को, हम मंगलमय पहिचाने।।
मंगलमय जीवन हो मेरा, विशद भावना भाते।
तीन योग से चरण कमल में, सादर शीष झुकाते।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर सिद्धमंगलायार्घं निर्वापामीति स्वाहा।

सद्दर्शन कृत वैभव पाए, सर्व साधु अविकारी।
रोग उपद्रव मृग मृगेन्द्र सम, दूर भागते भारी।।
मंगलमय जीवन हो मेरा, विशद भावना भाते।
तीन योग से चरण कमल में, सादर शीष झुकाते।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर साधुमंगलायार्घं निर्वापामीति स्वाहा।

केवलज्ञानी द्वारा भव शत, जैन धर्म को जानो।
सर्व लोक में मंगलमय सु, मंगलकारी मानो।।
मंगलमय जीवन हो मेरा, विशद भावना भाते।
तीन योग से चरण कमल में, सादर शीष झुकाते।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर केवलिप्रज्ञप्त धर्मायार्घं निर्वापामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

लोकोत्तम जिनराज पदाम्बुज, की सेवा सुखकारी।
ऋद्धि सिद्धी प्रदायक उत्तम, दोष नाशनहारी।।

जल फल आदि अष्ट द्रव्य ले, भाव सहित करते अर्चन।
अर्हत् गुण भागी बन जाऊँ, करता मैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर अर्हल्लोकोत्तमायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वदोष से च्युत होकर के, सिद्ध शिला पर कीन्हे वास।
सिद्ध लोक में उत्तम हैं जो, करते लोकालोक प्रकाश।।
जल फल आदि अष्ट द्रव्य ले, भाव सहित करते अर्चन।
अर्हत् गुण भागी बन जाऊँ, करता मैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर सिद्धलोकोत्तमायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्र नरेन्द्र सुरेन्द्रादि से, अर्चित संयम तपधारी।
सर्वसाधु लोकोत्तम जग में, सर्व जगत् मंगलकारी।।
जल फल आदि अष्ट द्रव्य ले, भाव सहित करते अर्चन।
अर्हत् गुण भागी बन जाऊँ, करता मैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर साधुलोकोत्तमायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

राग–द्वेष आदि पिशाच का, जिससे होता है मर्दन।
परम केवली कथित धर्म की, भाव सहित करते पूजन।।
जल फल आदि अष्ट द्रव्य ले, भाव सहित करते अर्चन।
अर्हत् गुण भागी बन जाऊँ, करता मैं शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर केवलि प्रज्ञप्तधर्मायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्हन्तों की शरण लोक में, अर्चनीय जिन श्रेष्ठ कही।
भव भयहारी अष्ट कर्म की, नाशन हारी पूर्ण रही।।
अष्ट कर्म हों शांत हमारे, अष्ट द्रव्य से कर अर्चन।
पञ्च प्रभु की शरण प्राप्त हो, करते हम शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर अर्हत शरणायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अव्याबाध आदि गुणधारी, चिदानन्द हैं अमृत रूप।
शरण प्राप्त हो सिद्ध प्रभु की, जो पा जाते आत्म स्वरूप।।
अष्ट कर्म हों शांत हमारे, अष्ट द्रव्य से कर अर्चन।
पञ्च प्रभु की शरण प्राप्त हो, करते हम शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर सिद्ध शरणायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

लौकिक सर्व प्रयोजन तजकर, सर्व साधु की मिले शरण।
सर्व चराचर द्रव्य छोड़कर, वीतरागता करूँ वरण।।
अष्ट कर्म हों शांत हमारे, अष्ट द्रव्य से कर अर्चन।
पञ्च प्रभु की शरण प्राप्त हो, करते हम शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर साधु शरणयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परम केवली के मुखोद्गत, धर्म जीव का हितकारी।
जैन धर्म की शरण प्राप्त हो, सर्व जगत् मंगलकारी।।
अष्ट कर्म हों शांत हमारे, अष्ट द्रव्य से कर अर्चन।
पञ्च प्रभु की शरण प्राप्त हो, करते हम शत् शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं सर्व विघ्न शांतिकर केवलि प्रज्ञप्त धर्म शरणायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो संसार दुःखों के नाशी, कहे अनादि और अनन्त।
परमेष्ठी मंगल लोगोत्तम शरण, चार कहते भगवन्त।।
भक्तिभाव से पूजा करते, भक्ति के यह हैं आधार।।
सुख शान्ति के हेतु विनय से, करते वन्दन बारम्बार।।

ॐ ह्रीं अर्हदादिसप्तदशमन्त्रेभ्यः समुदायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा– **परमेष्ठी जिन पञ्च हैं, मंगल उत्तम चार।**
शरण चार हैं भक्ति के, परम पूज्य आधार।।

(छन्द चौपाई)

विघ्न विनाशी आप कहाए, नर सुर के स्वामी कहलाए।
अग्रेसर जिनवर को जानो, इष्ट सभी जीवों को मानो।।
अनाद्यानन्त कहा जो भाई, जग में फैली है प्रभुताई।
मम् विघ्नों का वारण कीजे, विनती मेरी यह सुन लीजे।।
मुनियों के आधीश कहाए, गणाधीष इस जग में गाए।
स्तुति जिनकी मंगलकारी, सब विघ्नों की नाशनहारी।।
शांति प्रदायक जग में भाई, जिनवर की स्तुति अधिकाई।
कलुषित कली काल के प्राणी, मिथ्यावादी है अति मानी।।
भव्य जीव सद्दर्शन पावें, ज्ञान सुधारस सम हो जावें।
पाप पुञ्ज नश जाए सारा, जीवन मंगलमय हो प्यारा।।
यही मान्य गणराज कहाए, जिनकी भक्ति शान्ति दिलाए।
विनय आपकी जो भी धारे, वह सब दोषों को परिहारे।।
नाम आपका जो भी ध्यावे, श्रेष्ठ गुणों को वह पा जावे।
इष्ट सिद्धि हो जावे भाई, यह जिन भक्ति की प्रभुताई।।
जय-जय हो जिनराज तुम्हारी, सर्व गुणों के तुम अधिकारी।
सुर-गुरु कोटि वर्ष तक गावें, तो भी पूर्ण नहीं कह पावें।।
विशद अल्प बुद्धि के धारी, वह गुण क्या तुमरे कह पावें।

सोरठा- **तुम हो सर्व महान्, हम दोषों के कोष हैं।**
किया अल्प गुणगान, अल्पबुद्धि से आपका।।

ॐ ह्रीं अर्हदादि सप्तदश मन्त्रेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा- **बुद्धि अनाकुल होय, धर्म प्रीति जागे परम।**
मोक्ष प्राप्त हो सोय, जैन धर्म को धारकर।।

(पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

अर्घावली

विद्यमान बीस तीर्थंकरों का अर्घ

जलफल आठों दर्व अरघ कर प्रीति धरी है,
गणधर इन्द्र निहू-तैं थुति पूरी न करी है।
द्यानत सेवक जानके हो जगतें लेहु निकार,
सीमन्धर जिन आदि दे बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो भव तारण तरण जहाज।।

ॐ ह्रीं श्री समीन्धरादिविद्यमान विंशतितीर्थंकरेभ्योऽनर्घपद प्राप्तये अर्घं नि....स्वाहा।

अकृत्रिमा जिनबिम्बों का अर्घ

कृत्रिमाकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान्, नित्यं त्रिलोकीगतान्,
वन्दे भावन-व्यन्तरान् द्युतिवरान्, कल्पामरा-वासगान्।।
सद्-गन्धाक्षत-पुष्पदामचरुकैः सद्दीपधूपैः फलैर्,
नीराद्यैश्च यजे प्रणम्य शिरसा, दुष्कर्मणां शान्तये।।
सात करोड़ बहत्तर लाख, सु-भवन जिन पाताल में।
मध्यलोक में चार सौ अट्ठावन, जजों अघमल टाल के।।
अब लखचौरासी सहस सत्यावन, अधिक तेईस रु कहे।
बिन संख ज्योतिष व्यन्तरालय, सब जजों मन वच ठहे।।

ॐ ह्रीं कृत्रिमाकृत्रिमजिनबिम्बेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्ध भगवान का अर्घ

गन्धाढ्यं सुपयो मधुव्रत-गणैः, सङ्गं वरं चन्दनं,
पुष्पौघं विमलं सदक्षत-चयं, रम्यं चरुं दीपकम्।
धूपं गन्धयुतं ददामि विविधं, श्रेष्ठं फलं लब्धये,
सिद्धानां युगपत्क्रमाय विमलं, सेनोत्तरं वाञ्छितम्।।

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सोलहकारण का अर्घ

जल फल आठों दरब चढ़ाय, द्यानत विरत करों मन लाय।
परम गुरु हो!, जय जय नाथ परम गुरु हो!।।
दरश विशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकर पद पाय।
परम गुरु हो!, जय जय नाथ परम गुरु हो!।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचमेरु का अर्घ

आठ दरब मय अरघ बनाय, द्यानत पूजौं श्री जिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।।
पाँचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमा जी को करो प्रणाम।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधी अशीति जिन चैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदीश्वरद्वीप का अर्घ

यह अरघ कियो निज हेत, तुमको अरपतु हों।
द्यानत कीज्यो शिव खेत, भूमि समरपतु हों।।
नंदीश्वर श्री जिनधाम, बावन पुंज करों।
वसुदिन प्रतिमा अभिराम, आनंद भाव धरों।।
नंदीश्वर द्वीप महान्, चारों दिशि सोहें।
बावन जिन मंदिर जान, सुर नर मन मोहें।।

ॐ ह्रीं श्री नंदीश्वरद्वीपे पूर्वपश्चिमोत्तरदक्षिण द्विपंचाशज्-जिनालयस्थ जिनप्रतिमाभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दशलक्षण का अर्घ

आठों दरब संवार, द्यानत अधिक उछाह सों।
भव-आताप निवार, दस लच्छन पूजों सदा।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माङ्गाय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नत्रय का अर्घ

आठ दरब निरधार, उत्तम सो उत्तम लिये।
जनम रोग निरवार सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री आदिनाथ भगवान का अर्घ

शुचि निर्मल नीरं गंध सुअक्षत, पुष्प चरु ले मन हरषाय।
दीप धूप फल अर्घ सु लेकर, नाचत ताल मृदंग बजाय।
श्री आदिनाथजी के चरण कमल पर, बलि बलि जाऊँ मन वच काय।
हे ! करुणानिधि भव दुःख मेटो, यातैं मैं पूजों प्रभु पाय।।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चन्द्रप्रभ भगवान का अर्घ

सजि आठों दरब पुनीत, आठों अंग नमों।
पूजों अष्टम जिन मीत, अष्टम अवनि गमों।
श्री चन्द्रनाथ दुति चन्द्र, चरनन चंद्र लगै,
मन- वच- तन जजत अमंद, आतम जोति जगै।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्य भगवान का अर्घ

जल फलदरब मिलाय गाय गुन, आठों अंग नमाई।
शिवपदराज हेत हे श्रीपति! निकट धरों यह लाई।।
वासुपूज्य वसुपूज- तनुज पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको, शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री शांतिनाथ भगवान का अर्घ

वसु द्रव्य सँवारी, तुम ढिंग धारी, आनंदकारी दृग प्यारी।
तुम हो भवतारी, करुणाधारी, यातै थारी शरनारी।।

श्री शान्ति जिनेशं, नुतचक्रेशं वृषचक्रेशं, चक्रेशं।
हनि अरि चक्रेशं हे ! गुणधेशं, दयामृतेशं मक्रेशं।।

ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथाय जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री पार्श्वनाथजी का अर्घ

पथ की प्रत्येक विषमता को मैं, समता से स्वीकार करूँ।
जीवन विकास के प्रिय पथ की, बाधाओं का परिहार करूँ।।
मैं अष्ट कर्म आवरणों का, प्रभुवर आतंक हटाने को।
वसुद्रव्य संजोकर लाया हूँ, चरणों में नाथ चढ़ाने को।।

ॐ ह्रीं श्री चिंतामणि पार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री महावीर भगवान का अर्घ

जल फल वसु सजि हिम थार, तन मन मोद धरों।
गुण गाऊँ भवदधितार, पूजत पाप हरों।।
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मतिदायक हो।।

ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमान जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय चौबीसी भगवान का अर्घ

जल फल आठों शुचिसार, ताको अर्घ करों,
तुमको अरपों भवतार, भवतरि मोक्ष वरों।
चौबीसों श्री जिनचंद, आनंद कंद सही
पद जजत हरत भव फंद, पावत मोक्ष मही।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिवीरान्त चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं नि...स्वाहा।

पंच बालयति का अर्घ

सजि वसुविधि द्रव्य मनोज्ञ, अरघ बनावत हैं।
वसुकर्म अनादि संयोग, ताहि नशावत हैं।।
श्री वासुपूज्य मलि नेम, पारस वीर यती।
नमूँ मन-वच-तन धरि प्रेम, पाँचों बालयति।।

ॐ ह्रीं श्री पंच बालयति तीर्थंकरेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री बाहुबली स्वामी का अर्घ

हूँ शुद्ध निराकुल सिद्धों सम, भव लोक हमारा वासा ना।
रिपु रागरु द्वेष लगे पीछे, यातें शिवपद को पाया ना।।
निज के गुण निज में पाने को, प्रभु अर्घ संजोकर लाया हूँ।
हे ! बाहुबली तुम चरणों में, सुख सन्मति पाने आया हूँ।।

ॐ ह्रीं श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस्वती का अर्घ

जल चंदन अक्षत फूल चरु, दीप धूप अति फल लावै।
पूजा को ठानत जो तुम जानत, सो नर ज्ञानत सुख पावै।।
तीर्थंकर की ध्वनि, गणधर ने सुनि, अंग रचे चुनि ज्ञान मई।
सो जिनवर वानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन मानी पूज्य भई।।

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै: अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सप्तर्षि का अर्घ

जल गंध अक्षत पुष्प चरुवर, दीप धूप सु लावना।
फल ललित आठों द्रव्य मिश्रित, अर्घ कीजे पावना।।
मन्वादि चारण-ऋद्धि धारक, मुनिन की पूजा करूँ।
ता करें पातक हरें सारे, सकल आनंद विस्तरूँ।।

ॐ ह्रीं श्री मन्वादिसप्तर्षिभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चा.च. प.पू. आचार्य 108 श्री शांतिसागरजी महाराज का अर्घ

पद अनर्घ्य की प्राप्ती हेतु, अर्घ्य बनाकर लाये हैं।
गुरुवर दो सामर्थ्य हमें हम, चरण शरण में आये हैं।।
शांति सिन्धु दो शांति हमें हम शांति पाने आये हैं।
विशद भाव से पद पंकज में अपना शीष झुकाये हैं।।

ॐ ह्रीं श्री चा.च. आचार्य 108 श्री शांतिसागर यतिवेरभ्यो: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्य 108 श्री विमलसागरजी महाराज का अर्घ्य

हे ज्ञान मूर्ति ! करुणा निधान हे धर्म दिवाकर ! करुणा कर ।
हे तेज पूञ्ज ! हे तपोमूर्ति ! सन्मार्ग दिवाकर रत्नाकर ।।
विमल सिंधु के विमल चरण से करुणा के झरने झरते ।
गुरु अष्ट गुणों की सिद्धि हेतु यह अर्घ्य समर्पण हम करते ।।

ॐ ह्रीं श्री सन्मार्ग दिवाकर वात्सल्य रत्नाकर धर्म प्रणेता आचार्य श्री विमलसागर यतिवरेभ्यो: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्य 108 श्री विरागसागरी महाराज का अर्घ्य

जल चन्दन के कलश थाल में अक्षत पुष्प सजाये हैं।
चरुवर दीप धूप फल लेकर अर्घ चढ़ाने आये हैं।
मन मंदिर में मेरे गुरुवर हमने तुम्हें बसाया है।
विराग सिन्धु के श्री चरणों में अपना शीश झुकाया है।

ॐ ह्रीं श्री प्रज्ञा श्रमण बालयति प.पू. आचार्य श्री विरागसागगर यतिवरेभ्यो: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्य 108 श्री भरतसागरजी महाराज का अर्घ्यं

जल चन्दन के कलश मनोहर अक्षत पुष्प चरु लाये।
दीप धूप अरु फल को लेकर अर्घ्य चढ़ाने हम आये ।
हृदय कमल में राजें गुरुवर सुन्दर सुमन बिछाते है।
भरत सिंधु के श्री चरणों में सादर शीष झुकाते हैं।।

ॐ ह्रीं श्री बालयोगी प्रशान्त मूर्ति आचार्य 108 श्री भरतसागर यतिवरेभ्यो: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्य 108 श्री विशदसागरजी महाराज का अर्घ्य

प्रासुक अष्ट द्रव्य हे गुरुवर थाल सजाकर लाये हैं।
महाव्रतों को धारण कर ले मन में भाव बनाये हैं।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में अर्घ समर्पित करते हैं।
पद अनर्घ हो प्राप्त हमें गुरु चरणों में सिर धरते हैं।।

ॐ ह्रीं श्री क्षमामूर्ति आचार्य 108 श्री विशदसागरजी मुनीद्राय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

खण्ड - अ

वाग्ज्योति स्वरूप 1008

श्री वासुपूज्य विधान

मण्डल

मध्य में - ह्रीं
प्रथम वलय श्रीं -9
द्वितीय वलय क्लीं - 18
तृतीय वलय व्लूं - 36
चतुर्थ वलय - 72

रचयिता :

परम पूज्य क्षमामूर्ति, साहित्य रत्नाकर

आचार्य श्री 108 विशदसागरजी महाराज

वासुपूज्य स्तवन

दोहा- वासुपूज्य को पूजता, विशद भाव के साथ।
भव बन्धन मैटो मेरा, मुक्ति दो हे नाथ !

उत्सुक लोकालोक देखने, ज्ञानी जन के नेत्र स्वरूप।
प्रत्यक्षाप्रत्यक्ष ज्ञान की, स्तुति करता मैं अनुरूप।।
वासुपूज्य ने व्रत को पाकर, कर्मों का संहार किया।
केवलज्ञान प्राप्त कर प्रभु ने, समवशरण आधार लिया।।

जैन धर्म को पाने वाले, धर्म तीर्थ के नाथ हुए।
ऋषी मुनी गणधर यति आदि, समवशरण में साथ हुए।।
दिव्य देशना के द्वारा प्रभु, इस जग का कल्याण किया।
भूले भटके भव्य जनों को, सम्यक्ज्ञान प्रदान किया।।

दिव्य देशना प्रभु आपकी, जन्म-जन्म तक साथ रहे।
केवलज्ञान जगा न जब तक, झुका चरण में माथ रहे।।
'विशद' ज्ञान पाने की भगवन्, मेरे अन्दर शक्ति जगे।
देव-शास्त्र-गुरु के प्रति मन में, सम्यक् श्रद्धा भक्ति जगे।।

भक्ति की शुभ आशा लेकर यह, भक्त शरण में आया है।
श्रद्धा के यह पुष्प मनोहर, नाथ ! साथ में लाया है।।
तुच्छ भक्त की तुच्छ भेंट यह, प्रभु आप स्वीकार करो।
भव-भव की बाधाएँ नाशो, मेरे सारे कष्ट हरो।।

भक्त भावना लेकर जो भी, चरण शरण में आता है।
मन वाञ्छित फल पाता है वह, खाली कभी न जाता है।।
महिमा सुनकर नाथ ! आपकी, आज शरण में आए हैं।
जिस पद को प्रभु तुमने पाया, उसके भाव बनाए हैं।।

•••

मंगल अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य पूजन

स्थापना

हे वासुपूज्य ! तुम जगत् पूज्य, सर्वज्ञ देव करुणाधारी।
मंगल अरिष्ट शांतिदायक, महिमा महान् मंगलकारी।।
मेरे उर के सिंहासन पर, प्रभु आन पधारो त्रिपुरारी।
तुम चिदानंद आनंद कंद, करुणा निधान संकटहारी।।
जिन वासुपूज्य तुम लोक पूज्य, तुमको हम भक्त पुकार रहे।
दो हमको शुभ आशीष परम, मम् उर से करुणा स्रोत बहे।।

।। पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् ।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

हम काल अनादि से जग में, कर्मों के नाथ सताए हैं।
तुम सम निर्मलता पाने को, प्रभु निर्मल जल भर लाए हैं।।
हम नाश करें मृतु जन्म जरा, हे जिनवर ! वासुपूज्य स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।1।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्रिय के विषय भोग सारे, हमने भव-भव में पाए हैं।
हम स्वयं भोग हो गये मगर, न भोग पूर्ण कर पाए हैं।।
हम भव तापों का नाश करें, हे जिनवर ! वासुपूज्य स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।2।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

निर्मल अनंत अक्षय अखंड, अविनाशी पद प्रभु पाए हैं।
स्वाधीन सफल अविचल अनुपम, पद पाने अक्षत लाए हैं।।
अक्षय स्वरूप हो प्राप्त हमें, हे जिनवर ! वासुपूज्य स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।3।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

जग में बलशाली प्रबल काम, उस काम को आप हराए हैं।
प्रमुदित मन विकसित पुष्प प्रभु, चरणों में लेकर आए हैं।।
हम काम शत्रु विध्वंस करें, हे जिनवर ! वासुपूज्य स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।4।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्रिय विषयों की लालच से, चारों गति में भटकाए हैं।
यह क्षुधा रोग न मैट सके, अब क्षुधा मैटने आये हैं।।
नैवेद्य समर्पित करते हैं, हे वासुपूज्य ! जिनवर स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।5।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन मोह महा मिथ्या कलंक, आदि सब दोष नशाए हैं।
त्रिभुवन दर्शायक ज्ञान विशद, प्रभु अविनाशी पद पाए हैं।।
मोहांधकार क्षय हो मेरा, हे वासुपूज्य ! जिनवर स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।6।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

है कर्म जगत् में महाबली, उसको भी आप हराए हैं।
गुप्ति आदि तप करके क्षय, कर्मों का करने आये हैं।।
हम धूप अनल में खेते हैं, हे वासुपूज्य ! जिनवर स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।7।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

जग से अति भिन्न अलौकिक फल, निर्वाण महाफल पाये हैं।
हम आकुल व्याकुलता तजने, यह श्री फल लेकर आये हैं।।
हम मोक्ष महाफल पा जाएँ, हे वासुपूज्य ! जिनवर स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।8।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जग में सद् असद् द्रव्य जो हैं, उन सबके अर्घ बताए हैं।
अब पद अनर्घ की प्राप्ति हेतु, हम अर्घ बनाकर लाए हैं।।
हम पद अनर्घ को पा जाएँ, हे वासुपूज्य ! जिनवर स्वामी।
हमको प्रभु ऐसी शक्ति दो, बन जाएँ हम अन्तर्यामी।।9।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अनर्घ पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक के अर्घ्य

छटवीं कृष्ण अषाढ़ की, हुआ गर्भ कल्याण।
सुर नर किन्नर भाव से, करते प्रभु गुणगान।।1।।

ॐ ह्रीं आषाढ़ कृष्ण षष्ठीयां गर्भमंगल मण्डिताय भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फाल्गुन कृष्णा चतुर्दशी, जन्मे श्री भगवान।
सुर नर वंदन कर रहे, वासुपूज्य पद आन।।2।।

ॐ ह्रीं फाल्गुन कृष्ण चतुर्दश्यां जन्ममंगल मण्डिताय भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फाल्गुन कृष्णा चतुर्दशी, तप धारे अभिराम।
सुर नर इन्द्र महेन्द्र सब, करते चरण प्रणाम।।3।।

ॐ ह्रीं फाल्गुन कृष्ण चतुर्दश्यां तपो मंगल मण्डिताय भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भादों कृष्ण द्वितिया तिथि, पाये केवलज्ञान।
समवशरण में पूजते, सुर नर ऋषि महान्।।4।।

ॐ ह्रीं भाद्रपद कृष्ण द्वितीयायां ज्ञानमंगल मण्डिताय भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भादों शुक्ला चतुर्दशी, प्रभु पाए निर्वाण।
पाँचों कल्याणक हुए, चंपापुर में आन।।5।।

ॐ ह्रीं भाद्रपद शुक्ल चतुर्दश्यां मोक्ष मंगल मण्डिताय भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा– **वासुपूज्य वसुपूज्य सुत, जयावती के लाल।**
वसु द्रव्यों से पूजकर, करूँ विशद जयमाल।।

(छंद मोतियादाम)

प्रभु प्रगटाए दर्शन ज्ञान, अनंत सुखामृत वीर्य महान्।
प्रभु पद आये इन्द्र नरेन्द्र, प्रभु पद पूजें देव शतेन्द्र।।
प्रभु सब छोड़ दिए जग राग, जगा अंतर में भाव विराग।
लख्यो प्रभु लोक अलोक स्वरूप, झुके कई आन प्रभु पद भूप।।
तज्यो गज राज समाज सुराज, बने प्रभु संयम के सरताज।
अनित्य शरीर धरा धन धाम, तजे प्रभु मोह कषाय अरु काम।।

ये लोक कहा क्षणभंगुर देव, नशे क्षण में जल बुद-बुद एव।
अनेक प्रकार धरी यह देह, किए जग जीवन मांहि सनेह।।
अपावन सात कुधातु समेत, ठगे बहु भांति सदा दुख देत।
करे तन से जिय राग सनेह, बंधे वसु कर्म जिये प्रति येह।।
धरें जग गुप्ति समिति सुधर्म, तवै हो संवर निर्जर कर्म।
किए जब कर्म कलंक विनाश, लहे तब सिद्ध शिला पर वास।।
रहा अति दुर्लभ आतम ज्ञान, किए तिय काल नहीं गुणगान।
भ्रमे जग में हम बोध विहीन, रहे मिथ्यात्व कुतत्व प्रवीण।।
तज्यो जिन आगम संयम भाव, रहा निज में श्रद्धान अभाव।
सुदुर्लभ द्रव्य सुक्षेत्र सुकाल, सुभाव मिले नहिं तीनों काल।।
जग्यो सब योग सुपुण्य विशाल, लियो तब मन में योग सम्हाल।
विचारत योग लौकांतिक आय, चरण पद पंकज पुष्प चढ़ाय।।
प्रभु तब धन्य किए सुविचार, प्रभु तप हेतु किए सुविहार।
तवै सौधर्म 'सु शिविका' लाय, चले शिविका चढ़ि आप जिनाय।।
धरे तप केश सुलौंच कराय, प्रभु निज आतम ध्यान लगाय।
भयो तब केवल ज्ञान प्रकाश, किए तव सारे कर्म विनाश।।
दियो प्रभु भव्य जगत उपदेश, धरो फिर प्रभु ने योग विशेष।
तभी प्रभु मोक्ष महाफल पाय, हुए करुणानिधि अनंत सुखाय।।
रचें हम पूजा सुभाव विभोर, करें नित वंदन द्वयकर जोर।

(छंद घत्तानंद)

जय-जय जिनदेवं हरिकृत सेवं, सुरकृत वंदित शीलधरं।
भव भय हरतारं शिव कर्त्तारं, शीलागारं नाथ परं।।

ॐ ह्रीं भौम अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा- **चम्पापुर में ही प्रभु, पाए पंच कल्याण।**
गर्भ जन्म तप ज्ञान शुभ, पाए पद निर्वाण।।

पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

प्रथम वलय

दोहा- **प्रकट किए नव लब्धियाँ, वासुपूज्य भगवान।**
अष्ट द्रव्य से पूजकर, करते हैं गुणगान।।

।। इति मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।।

स्थापना

हे वासुपूज्य ! तुम जगत् पूज्य, सर्वज्ञ देव करुणाधारी।
मंगल अरिष्ट शांतिदायक, महिमा महान् मंगलकारी।।
मेरे उर के सिंहासन पर, प्रभु आन पधारो त्रिपुरारी।
तुम चिदानंद आनंद कंद, करुणा निधान संकटहारी।।
जिन वासुपूज्य तुम लोक पूज्य, तुमको हम भक्त पुकार रहे।
दो हमको शुभ आशीष परम शुभ, उर से करुणा स्रोत बहे।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

नौ क्षायिक लब्धियों के अर्घ्य

ज्ञानावरणी कर्म विनाशे, केवलज्ञान जगाए हैं।
ऐसे श्री अरहंत प्रभु पद, सादर शीष झुकाए हैं।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।1।।

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म दर्शनावरणी नाशे, क्षायिक दर्शन पाए हैं।
क्षायिक लब्धि पाने वाले, तीर्थंकर कहलाए हैं।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।2।।

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशक भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दर्शन मोही कर्म विनाशे, सत् सम्यक्त्व जगाए हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाए हैं।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।3।।

ॐ ह्रीं दर्शन मोहनीय कर्म विनाशक क्षायिक सम्यक्त्व लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चारित मोही कर्म विनाशे, क्षायिक चारित पाए हैं।
कर्म घातिया नाश किए प्रभु, तीर्थंकर कहलाए हैं।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।4।।

ॐ ह्रीं चारित्र मोहनीय कर्म विनाशक क्षायिक चारित्र लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म विनाशी अन्तराय के, पाए हैं जो क्षायिक दान।
क्षायिक लब्धि पाने वाले, तीन लोक में रहे महान्।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।5।।

ॐ ह्रीं दान अन्तराय कर्म विनाशक क्षायिक दान लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लाभ अन्तराय कर्म विनाशे, पाए क्षायिक लाभ महान्।
पूज्यनीय हो गये लोक में, करते हैं जग का कल्याण।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।6।।

ॐ ह्रीं लाभ अन्तराय कर्म विनाशक क्षायिक लाभ लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भोग अन्तराय कर्म विनाशे, पाए हैं जो क्षायिक भोग।
तीनों योगों के धारी को, मिटे जन्म मृत्यु के रोग।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।7।।

ॐ ह्रीं भोग अन्तराय कर्म विनाशक क्षायिक भोग लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्तराय कर्मों के नाशी, पाए हैं क्षायिक उपभोग।
करके योग निरोध जिनेश्वर, पाते मुक्ति का संयोग।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।8।।

ॐ ह्रीं उपभोग अन्तराय कर्म विनाशक क्षायिक उपभोग लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीर्यान्तराय कर्म के नाशी, पाए क्षायिक वीर्य महान्।
क्षायिक लब्धि पाने वाले, करते हैं जग का कल्याण।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।9।।

ॐ ह्रीं वीर्यान्तराय कर्म विनाशक क्षायिक वीर्य लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षायिक नौ लब्धि जो पाए, कर्म घातिया किए विनाश।
ज्ञाता दृष्टा हुए लोक में, कीन्हे निज आतम में वास।
तीन गति के जीव भाव से, भक्ति करने आते हैं।
कर्म घातिया क्षय करके प्रभु, क्षायिक लब्धि पाते हैं।।10।।

ॐ ह्रीं चतु: घातिया कर्म विनाशक क्षायिक नौ लब्धि प्राप्त भौम अरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वितीय वलय

दोहा– **दोष अठारह से रहित, होते हैं जिनराज।**
उनकी पूजा मैं करूँ, तीन योग से आज।।

।। द्वितीय मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् ।।

स्थापना

हे वासुपूज्य ! तुम जगत् पूज्य, सर्वज्ञ देव करुणाधारी।
मंगल अरिष्ट शांतिदायक, महिमा महान् मंगलकारी।।
मेरे उर के सिंहासन पर, प्रभु आन पधारो त्रिपुरारी।
तुम चिदानंद आनंद कंद, करुणा निधान संकटहारी।।
जिन वासुपूज्य तुम लोक पूज्य, तुमको हम भक्त पुकार रहे।
दो हमको शुभ आशीष परम शुभ, उर से करुणा स्रोत बहे।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

18 दोष रहित श्री वासुपूज्य जिनेन्द्र

जो कर्म घातिया नाश किए, अरु केवलज्ञान प्रकाशे हैं।
वह तीन लोक में पूज्य हुए, अरु क्षुधा वेदना नाशे हैं।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।1।।

ॐ ह्रीं क्षुधा रोग विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तृषा वेदना से व्याकुल, जग जीव सताते आए हैं।
जिसने जीता यह तृषा दोष, वह तीर्थंकर कहलाए हैं।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।2।।

ॐ ह्रीं तृषा दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हम जन्म मृत्यु के रोगों से, सदियों से सताते आये हैं।
जो जन्म रोग का नाश किए, वह तीर्थंकर कहलाए हैं।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।3।।

ॐ ह्रीं जन्म दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है अर्ध मृतक सम बूढ़ापन, उससे हम पार न पाए हैं।
अब जरा रोग के नाश हेतु, जिन चरण शरण में आए हैं।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।4।।

ॐ ह्रीं जरा दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मृत्यु का रोग भयानक है, उससे न कोई बच पाते हैं।
जो जीत लेय इस शत्रु को, वह तीर्थंकर बन जाते हैं।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।5।।

ॐ ह्रीं मृत्यु दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कई कौतूहल होते जग में, करते हैं विस्मय लोग सभी।
जिनवर ने विस्मय नाश किया, उनको विस्मय न होय कभी।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।6।।

ॐ ह्रीं विस्मय दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

न कोई शत्रु हमारा है, हम हैं चित् चेतन रूप अहा।
हैं अरति दोष के नाशी जिन, उन सम मेरा स्वरूप रहा।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।7।।

ॐ ह्रीं अरति दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यह जग जीवन क्षण भंगुर है, सब मोह बली की माया है।
जिनवर ने खेद विनाश किया, सच्चे स्वरूप को पाया है।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।8।।

ॐ ह्रीं खेद दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यह तन पुद्गल से निर्मित है, कई रोगों की जो खान कहा।
नाश किए हैं रोग श्री जिन, पाये पद निर्वाण अहा।
हम अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, श्री जिन चरण चढ़ाते हैं।
श्री वासुपूज्य के चरण कमल में, सादर शीष झुकाते हैं।।9।।

ॐ ह्रीं रोग दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनका कोई इष्ट अनिष्ट नहीं, जो समता भाव के धारी हैं।
वह सर्व शोक के नाशी हैं, जिन की महिमा अति न्यारी है।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं।।10।।

ॐ ह्रीं शोक दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानादि आठ महामद हैं, जो विनय भाव को खोते हैं।
जो विजय प्राप्त करते मद पर, वह तीर्थंकर जिन होते हैं।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं।।11।।

ॐ ह्रीं मद दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है मोह महा मिथ्या कलंक, जिससे प्राणी जग भ्रमण करे।
जो मोह महामद नाश करें, वह आतम रस में रमण करे।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं।।12।।

ॐ ह्रीं मोह दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

निद्रा देवी ने इस जग के, सब जीवों को भरमाया है।
जिसने निद्रा को जीत लिया, उसने अर्हन्त पद पाया है।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं।।13।।

ॐ ह्रीं निद्रा दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चिंता में चित्त मलीन रहे तो, चित् का चिन्तन खो जाए।
जो खो दे चिंता की शक्ति, वह शीघ्र सिद्ध पद को पाए।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं।।14।।

ॐ ह्रीं चिंता दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म घातिया नाश किए जो, परमौदारिक तन पाए।
स्वेद रहे न उनके तन में, तीर्थंकर जिन कहलाए।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं ।।15।।

ॐ ह्रीं स्वेद दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सारे जग से नाता तोड़ा, जो वीतरागता पाए हैं।
वह राग दोष का नाश किए, अरू तीर्थंकर कहलाए है।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं ।।16।।

ॐ ह्रीं राग दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनको किंचित् मोह नहीं, जो निज स्वभाव में लीन रहे।
वह द्वेष भाव का नाश किए, जिन धर्म तीर्थ के नाथ कहे।
जो भाव सहित जिन चरणों में, जाकर के अर्घ्य चढ़ाते हैं।
वह सर्व सिद्धियों को पाकर, सारे जग के सुख पाते हैं ।।17।।

ॐ ह्रीं द्वेष दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भय से हो भयभीत सभी जन, दु:ख अनेकों पाते हैं।
भय का नाश किए जिन स्वामी, तीर्थंकर कहलाते हैं।
भाव सहित जिन चरणों में हम, पावन अर्घ्य चढ़ाते हैं।
जिन के गुण को पाने हेतु, महिमा जिनकी गाते हैं ।।18।।

ॐ ह्रीं भय दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोष अठारह कहे लोक में, इनसे जीव सताए हैं।
सर्व दोष से हीन हुए जो, वह अर्हत् कहलाए हैं।

भाव सहित जिन चरणों में हम, पावन अर्घ्य चढ़ाते हैं।
जिन के गुण को पाने हेतु, महिमा जिनकी गाते हैं ।।19।।

ॐ ह्रीं अष्टादश दोष विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय वलय

सोरठा– **आश्रव के हैं द्वार, बत्तिस घाती कर्म चउ।**
कीन्हे प्रभु निवार, केवलज्ञान जगाए हैं।।

।। तृतीय मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलि क्षिपेत् ।।

स्थापना

हे वासुपूज्य ! तुम जगत् पूज्य, सर्वज्ञ देव करुणाधारी।
मंगल अरिष्ट शांतिदायक, महिमा महान् मंगलकारी।।
मेरे उर के सिंहासन पर, प्रभु आन पधारो त्रिपुरारी।
तुम चिदानंद आनंद कंद, करुणा निधान संकटहारी।।
जिन वासुपूज्य तुम लोक पूज्य, तुमको हम भक्त पुकार रहे।
दो हमको शुभ आशीष परम शुभ, उर से करुणा स्रोत बहे।।

ॐ ह्रीं भौम ग्रह अरिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ: ठ: स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

32 आश्रव + 4 बन्ध विहीन श्री जिन के अर्घ्य

बली आदि हिंसा करके जो, धर्म बतावें जग के जीव।
वह विपरीत कहे मिथ्यात्वी, कर्म बन्ध जो करें अतीव।।
मिथ्या भाव त्याग सद्दर्शन, पाकर करूँ कर्म का नाश।
'विशद' ज्ञान से कर्म नशाऊँ, पाऊँ मोक्षपुरी में वास।।1।।

ॐ ह्रीं विपरीत मिथ्यात्व विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तज निश्चय व्यवहार नयों को, जाने नहीं वस्तु का भेद।
मिथ्यात्वी एकान्तवाद के, नित प्रति करते रहते खेद।।
मिथ्या भाव त्याग सद्दर्शन, पाकर करूँ कर्म का नाश।
'विशद' ज्ञान से कर्म नशाऊँ, पाऊँ मोक्षपुरी में वास।।2।।

ॐ ह्रीं एकान्त मिथ्यात्व विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रागी और विरागी मत को, मान रहे जो एक समान।
मिथ्यात्वी वैनयिक कहे वह, करते मिथ्या में श्रद्धान।।
मिथ्या भाव त्याग सद्दर्शन, पाकर करूँ कर्म का नाश।
'विशद' ज्ञान से कर्म नशाऊँ, पाऊँ मोक्षपुरी में वास।।3।।

ॐ ह्रीं विनय मिथ्यात्व विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीतराग मय धर्म सत्य या, राग सहित होता है धर्म।
मिथ्यात्वी संशय वादी कुछ, प्राप्त नहीं कर पाते मर्म।।
मिथ्या भाव त्याग सद्दर्शन, पाकर करूँ कर्म का नाश।
'विशद' ज्ञान से कर्म नशाऊँ, पाऊँ मोक्षपुरी में वास।।4।।

ॐ ह्रीं संशय मिथ्यात्व विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

योग्यायोग्य जानते न कुछ, मूढ़ हिताहित से भी हीन।
अज्ञानी मिथ्यात्वी हैं वह, आत्मज्ञान से रहे विहीन।।
मिथ्या भाव त्याग सद्दर्शन, पाकर करूँ कर्म का नाश।
'विशद' ज्ञान से कर्म नशाऊँ, पाऊँ मोक्षपुरी में वास।।5।।

ॐ ह्रीं अज्ञान मिथ्यात्व विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नहीं हैं त्यागी हिंसा के जो, त्रस स्थावर दोय प्रकार।
वह हिंसा अविरत के धारी, बढ़ा रहे अपना संसार।।
सम्यक् चारित पाने हेतु, चढ़ा रहे हम चरणों अर्घ्य।
अष्ट कर्म का नाश करें अरु, प्राप्त करें हम सुपद अनर्घ।।6।।

ॐ ह्रीं हिंसाविरति विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

असत् वचन को छोड़ न पाते, सत्य से रहते कोसों दूर।
वह असत्याव्रत के धारी, पापों से रहते भरपूर।।
सम्यक् चारित पाने हेतु, चढ़ा रहे हम चरणों अर्घ्य।
अष्ट कर्म का नाश करें अरु, प्राप्त करें हम सुपद अनर्घ।।7।।

ॐ ह्रीं असत्याविरति विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पर के धन का हरण करें जो, व्रत अचौर्य न जान रहे।
चौर्याव्रत के धारी हैं वह, नर हो पशु समान कहे।।
सम्यक् चारित पाने हेतु, चढ़ा रहे हम चरणों अर्घ्य।
अष्ट कर्म का नाश करें अरु, प्राप्त करें हम सुपद अनर्घ।।8।।

ॐ ह्रीं चौर्याविरति विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ब्रह्मचर्य न धारण करते, शीलव्रतों से रहते दूर।
वह कुशील अव्रत के धारी, मोही कहे गये अतिक्रूर।।
सम्यक् चारित पाने हेतु, चढ़ा रहे हम चरणों अर्घ्य।
अष्ट कर्म का नाश करें अरु, प्राप्त करें हम सुपद अनर्घ।।9।।

ॐ ह्रीं कुशीलाविरति विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मूर्छा भाव रहा अन्तर में, संग्रह वृत्ति धार रहे।
परिग्रह अविरत के धारी वह, श्मश्रू के अवतार कहे।।
सम्यक् चारित पाने हेतु, चढ़ा रहे हम चरणों अर्घ्य।
अष्ट कर्म का नाश करें अरु, प्राप्त करें हम सुपद अनर्घ।।10।।

ॐ ह्रीं परिग्रहाविरति विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्त्री की चर्चा में लीन, अज्ञानीजन रहे प्रवीण।
यह विकथा कही जिनदेव, कर्माश्रव का कारण एव।।
हम प्रमाद से दूर रहें, भावों से भरपूर रहें।
यही भावना भाते हैं, चरणों शीष झुकाते हैं।।11।।

ॐ ह्रीं स्त्री कथा विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चोर कथा में रहते लीन, श्रेष्ठ मानते उसको दीन।
यह विकथा कही जिनदेव, कर्माश्रव का कारण एव।।
हम प्रमाद से दूर रहें, भावों से भरपूर रहें।
यही भावना भाते हैं, चरणों शीष झुकाते हैं।।12।।

ॐ ह्रीं चोर कथा विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

करते भोजन कथा हमेश, धर्म कार्य न करते लेश।
यह विकथा कही जिनदेव, कर्माश्रव का कारण एव।।
हम प्रमाद से दूर रहें, भावों से भरपूर रहें।
यही भावना भाते हैं, चरणों शीष झुकाते हैं।।13।।

ॐ ह्रीं भोजन कथा विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

राजा राज्य की चर्चा एव, नित्य प्रति जो करें सदैव।
यह विकथा कही जिनदेव, कर्माश्रव का कारण एव।।

हम प्रमाद से दूर रहें, भावों से भरपूर रहें।
यही भावना भाते हैं, चरणों शीष झुकाते हैं।।14।।

ॐ ह्रीं राज्य कथा विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हैं अष्ट कर्म स्पर्शन के, जो मन को मोहित करते हैं।
आश्रव होता करके प्रमाद, चेतन की शक्ति हरते हैं।।
हम विष सम विषयों को तजकर, निज आतम रस में रमण करें।
आश्रव के रोध हेतु भगवन्, तव चरणों में हम नमन् करें।।15।।

ॐ ह्रीं स्पर्शन इन्द्रिय विषय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रसना के पञ्च विषय होते, जो विषयों में अटकाते हैं।
यह कर्माश्रव के कारण हैं, सारे जग में भटकाते हैं।।
हम विष सम विषयों को तजकर, निज आतम रस में रमण करें।
आश्रव के रोध हेतु भगवन्, तव चरणों में हम नमन् करें।।16।।

ॐ ह्रीं रसना इन्द्रिय विषय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

होते हैं विषय घ्राण के दो, जो आश्रव बन्ध कराते हैं।
हैं उभय लोक दुःख के कारण, केवलज्ञानी बतलाते हैं।।
हम विष सम विषयों को तजकर, निज आतम रस में रमण करें।
आश्रव के रोध हेतु भगवन्, तव चरणों में हम नमन् करें।।17।।

ॐ ह्रीं घ्राण इन्द्रिय विषय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चक्षु इन्द्रिय के पञ्च विषय, पाँचों पापों के हेतु हैं।
हैं उभय लोक में दुखदायी, जो कर्माश्रव के सेतु हैं।।
हम विष सम विषयों को तजकर, निज आतम रस में रमण करें।
आश्रव के रोध हेतु भगवन्, तव चरणों में हम नमन् करें।।18।।

ॐ ह्रीं चक्षु इन्द्रिय विषय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है सप्त विषय कर्णेन्द्रिय के, जिससे होता है कर्माश्रव।
भटकाते चारों गतियों में, दुःखों के हेतु हैं भव भव।।
हम विष सम विषयों को तजकर, निज आतम रस में रमण करें।
आश्रव के रोध हेतु भगवन्, तव चरणों में हम नमन् करें।।19।।

ॐ ह्रीं कर्णेन्द्रिय विषय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कषाय अनन्तानुबन्धी से, कर्माश्रव करते हैं जीव।
भ्रमण करें तीनों लोकों में, पावें जग के दुःख अतीव।।
सम्यक् चारित्र के द्वारा अब पाऊँ, केवलज्ञान प्रकाश।
वासुपूज्य जिन की पूजाकर, पा जाऊँ मैं मुक्ती वास।।20।।

ॐ ह्रीं अनन्तानुबन्धी कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अप्रत्याख्यान कषायोदय से, अणुव्रत के भाव न होते हैं।
अविरत रहकर आश्रव करते, अरु बीज कर्म के बोते हैं।।
सम्यक् चारित्र के द्वारा अब पाऊँ, केवलज्ञान प्रकाश।
वासुपूज्य जिन की पूजाकर, पा जाऊँ मैं मुक्ती वास।।21।।

ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यान कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्याख्यान कषायोदय से, महाव्रती न बन पावें।
देशव्रती बन फिरें भटकते, जन्म मरण के दुःख पावें।।
सम्यक् चारित्र के द्वारा अब पाऊँ, केवलज्ञान प्रकाश।
वासुपूज्य जिन की पूजाकर, पा जाऊँ मैं मुक्ती वास।।22।।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यान कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उदय संज्वलन का होने से, यथाख्यात न हो चारित्र।
शुद्ध ध्यान न प्राप्त होय अरु, केवलज्ञान न होय पवित्र।।
सम्यक् चारित्र के द्वारा अब पाऊँ, केवलज्ञान प्रकाश।
वासुपूज्य जिन की पूजाकर, पा जाऊँ मैं मुक्ती वास।।23।।

ॐ ह्रीं संज्वलन कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षमा भाव को तजने वाले, क्रोध करें जग के जो जीव।
भव सागर में भ्रमण करें वह, पावे जग के दुःख अतीव।।
उत्तम क्षमा भाव के द्वारा, करूँ क्रोध का पूर्ण विनाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।24।।

ॐ ह्रीं क्रोध कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विनय भाव को तजने वाले, प्राणी करते हैं जो मान।
द्वेष बैर आदि के द्वारा, पाते हैं वह दुःख महान्।।
उत्तम मार्दव के द्वारा अब, करूँ मान का पूर्ण विनाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।25।।

ॐ ह्रीं मान कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आर्जव भाव छोड़ने वाले, मायाचारी करते लोग।
छल छद्रम करके दुःख पाते, पशु गति का पाते योग।।
उत्तम आर्जव के द्वारा अब, हो माया का पूर्ण विनाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।26।।

ॐ ह्रीं माया कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शौच धर्म तज के जगवासी, लुब्धदत्त सम करते लोभ।
जोड़-जोड़ धन कर्म बाँधते, अनरक्षा में करते क्षोभ।।
उत्तम शौच धर्म के द्वारा, करूँ लोभ का पूर्ण विनाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।27।।

ॐ ह्रीं लोभ कषाय विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मनोयोग की व्यर्थ क्रिया से, आश्रव कर्मों का होवे।
जीव भ्रमण करते हैं जग में, चेतन की शक्ती खोवे।।
मनो गुप्ति के द्वारा हमको, करना भाई आत्म प्रकाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।28।।

ॐ ह्रीं मन योग विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वचन योग की व्यर्थ क्रिया से, कलह द्वेष आदि होवे।
कर्माश्रव होता है भारी, चेतन की शक्ति खोवे।।
वचन गुप्ति का पालन करके, करना है अब आत्म प्रकाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।29।।

ॐ ह्रीं वचन योग विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

व्यर्थ क्रिया करने से तन की, हो कर्मों का आश्रव व्यर्थ।
तन मन की हानि होती है, हो जाते हैं कई अनर्थ।।
काय गुप्ति के द्वारा हमको, करना भाई आत्म प्रकाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।30।।

ॐ ह्रीं काय योग विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रम अरु खेद को करने दूर, निद्रा लेते हैं भरपूर।
यह प्रमाद कहलाता है, आश्रव पूर्ण कराता है।।
हम प्रमाद से दूर रहें, भावों से भरपूर रहे।
यही भावना भाते हैं, चरणों शीष झुकाते हैं।।31।।

ॐ ह्रीं निद्रा प्रमाद विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्त्री पुत्रादि से हो नेह, आश्रव बन्ध के कारण येह।
यह प्रमाद कहलाता है, भव में भ्रमण कराता है।।
हम प्रमाद से दूर रहें, भावों से भरपूर रहें।
यही भावना भाते हैं, चरणों शीष झुकाते हैं।।32।।

ॐ ह्रीं प्रणय (स्नेह) प्रमाद विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानावरण आदि कर्मों का, है स्वभाव नाम अनुसार।
प्रकृति बन्ध होय जीवों को, जिससे बढ़ता है संसार।।
रत्नत्रय के द्वारा अपने, कर्म बन्ध का करूँ विनाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।33।।

ॐ ह्रीं प्रकृति बन्ध विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानावरण आदि कर्मों की, स्थिति होती कई प्रकार।
स्थिति बन्ध होय जीवों की, कर्मों की प्रकृति अनुसार।।
रत्नत्रय के द्वारा अपने, कर्म बन्ध का करूँ विनाश।
पूजा कर जिन वासुपूज्य की, विशद ज्ञान का होय प्रकाश।।34।।

ॐ ह्रीं स्थिति बन्ध विनाशक भौमअरिष्ट ग्रह निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं क्षायिक वीर्य लब्धि प्राप्त श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– **जिन साधु निर्ग्रन्थ हैं, रत्नत्रय के कोष।**
उनका गुण गाकर मिले, विशद आत्म सन्तोष।।10।।

ॐ ह्रीं क्षायिक नव लब्धि प्राप्त श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टादश दोष रहित जिन के अर्घ्य

दोहा– **दोष अठारह से रहित, होते हैं जिनदेव।**
पुष्पाञ्जलि से पूजकर, करूँ चरण की सेव।।

मण्डलस्योपरि– पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

(द्वितीय वलय पर पुष्पाञ्जलि क्षेपण करें)

स्थापना

नेमिनाथ के श्री चरणों में, भव्य जीव आ पाते हैं।
तीर्थंकर जिन के दर्शन से, सर्व कर्म कट जाते हैं।।
गिरि गिरनार के ऊपर श्रीजिन, को हम शीष झुकाते हैं।
हृदय कमल के सिंहासन पर, आह्वानन कर तिष्ठाते हैं।।
राहु अरिष्ट ग्रह शांत करो प्रभु, हमने तुम्हें पुकारा है।
हमको प्रभु भव से पार करो, तुम बिन न कोई हमारा है।।

ॐ ह्रीं सर्व सर्वमंगलदायक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् इति आह्वानन्। अत्र-तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।।

(चाल छन्द)

जो कर्म घातिया नाशे, अरु केवलज्ञान प्रकाशे।
वो क्षुधा व्याधि को खोवे, न कवलाहारी होवे।।

हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे।।1।।

ॐ ह्रीं क्षुधा दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु घाती कर्म नशावें, अरु केवलज्ञान जगावें।
वह तृषा वेदना खोवें, वे व्याकुल कभी न होवें।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे।।2।।

ॐ ह्रीं तृषा दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो भव बाधाएँ जीते, नित आत्म सरस को पीते।
प्रभु अन्तिम जन्म को पाए, उनके गुण हमने गाए।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे।।3।।

ॐ ह्रीं जन्म दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु जरा रोग को नाशा, न रही कोई भी आशा।
उनकी हम महिमा गाते, चरणों में शीश झुकाते।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे।।4।।

ॐ ह्रीं जरा दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मन मोहक द्रव्य घनेरे, अध्रुव सब कोई न मेरे।
प्रभु विस्मय कभी न करते, न आह कभी भी भरते।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे।।5।।

ॐ ह्रीं विस्मय दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

न शत्रु कोई हमारे, हम है इस जग से न्यारे।
यह जान अरति न करते, जन जन में समता धरते।।

हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे ।।6 ।।

ॐ ह्रीं अरति दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षण भंगुर है जग सारा, इसमें न कोई हमारा।
यह जान खेद न करते, समता में सदा विचरते।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे ।।7 ।।

ॐ ह्रीं खेद दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन में कई दोष भरे हैं, चेतन तो पूर्ण परे हैं।
प्रभु रोग दोष के नाशी, हैं आतम ज्ञान प्रकाशी।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे ।।8 ।।

ॐ ह्रीं रोग दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनको न वियोग सतावे, नित शांत भाव को पावें।
प्रभु शोक दोष के नाशी, हैं आतम ज्ञान प्रकाशी।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे ।।9 ।।

ॐ ह्रीं क्षुधा दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानादि आठ महामद, जो नाश पाए उत्तम पद।
प्रभुम से हीन रहे हैं, उनके न दोष रहे हैं।।
हे जिनवर ! जग हितकारी, जन जन के करुणाकारी।
जो वीतरागता धारे, वे ही आराध्य हमारे 10 ।।

ॐ ह्रीं मद दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है मोह महाबलशाली, जिसकी है कथा निराली।
प्रभु मोह महामद नाशी, हैं सम्यक्ज्ञान प्रकाशी।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।11 ।।

ॐ ह्रीं मोह दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हैं सात महाभय भारी, जिससे है जीव दुखारी।
प्रभु ने भय सभी भगाए, अरु निर्भयता को पाए ।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।12 ।।

ॐ ह्रीं भय दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूले निद्रा में प्राणी, यह कहती है जिनवाणी।
प्रभु हैं निद्रा से खाली, जो हैं अति–महिमाशाली।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।13 ।।

ॐ ह्रीं निद्रा दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चिन्ता तो चिता कही है, प्राणी को सता रही है।
प्रभु चिन्ता कभी न करते, औरों की चिंता हरते।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।14 ।।

ॐ ह्रीं चिन्ता दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन परमौदारिक पाये, उससे न स्वेद बहाए।
प्रभु स्वेद दोष से खाली, जग में अति महिमाशाली ।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।15 ।।

ॐ ह्रीं स्वेद दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु वीतरागता धारे, हैं जग में जग से न्यारे।
जो राग-दोष को छोड़े, जग जन से मुख भी मोड़े।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।16।।

ॐ ह्रीं राग-दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो क्रोध कषाय के नाशी, प्रभु निज आतम के वासी।
प्रभु द्वोष भाव निवारे, सब कर्म शत्रु भी हारे।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।17।।

ॐ ह्रीं द्वेष दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु दश प्राणों के नाशी, हैं अजर अमर अविनाशी।
जो मरण रोग परिहारे, प्रभु नाशें कर्म हैं सारे।।
जिनवर हैं जग उपकारी, इस जग में मंगलकारी।
हम जिनवर के गुण गाते, अरु सादर शीश झुकाते ।।18।।

ॐ ह्रीं मरण दोष विनाशक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- **दोष अठारह रहित हैं, नेमिनाथ भगवान।**
पूजा करके भाव से, करते हैं गुणगान।।

ॐ ह्रीं अष्टादश दोष रहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चौंतिस अतिशय के अर्घ्य

दोहा- **चौंतिस अतिशय प्राप्त कर, हुए धर्म के नाथ।**
विशद भाव से झुकाते, प्रभु चरणों में माथ।।

तृतिय बलयोपरि- पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्
(तीसरे वलय पर पुष्पाञ्जलि क्षेपण करें)

स्थापना

नेमिनाथ के श्री चरणों में, भव्य जीव आ पाते हैं।
तीर्थंकर जिन के दर्शन से, सर्व कर्म कट जाते हैं।।
गिरि गिरनार के ऊपर श्रीजिन, को हम शीष झुकाते हैं।
हृदय कमल के सिंहासन पर, आह्वानन कर तिष्ठाते हैं।।
राहु अरिष्ट ग्रह शांत करो प्रभु, हमने तुम्हें पुकारा है।
हमको प्रभु भव से पार करो, तुम बिन न कोई हमारा है।।

ॐ ह्रीं सर्व सर्वमंगलदायक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् इति आह्वानन्। अत्र-तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।।

जन्म के 10 अतिशय

तन रहित है स्वद से, अतिशय प्रभु प्रगटाए हैं।
देवेन्द्र आदि इन्द्र शत, चरणों में शीश झुकाए हैं।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर, स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।1।।

ॐ ह्रीं स्वेद रहित सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मल रहित तन है प्रभु का, अमल अति सुखकार है।
अतिशय स्वयं होता प्रभु का, धर्म का आधार है।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर, स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।2।।

ॐ ह्रीं मल रहित सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समचतुस्र संस्थान प्रभु जी, जन्म से पाते महा।
नहीं घट बढ़ अंग कोई, प्रभु का अतिशय रहा।।

जन्म के अतिशय जिनेश्वर, स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।3।।

ॐ ह्रीं समचतुस्त्र संस्थान सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वज्र वृषभ नाराच संहनन, जन्म से उपाजाए हैं।
हड्डियों का जोड़ अतिशय, श्रेष्ठ प्रभु प्रगटाए हैं।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर, स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।4।।

ॐ ह्रीं ब्रज वृषभ नाराच संहनन सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन सुगन्धित और सुरभित, प्रभुजी शुभ पाए हैं।
सुर असुर चरणों में आकर, गीत मंगल गाए हैं।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर, स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।5।।

ॐ ह्रीं सुगन्धित तन सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रूप अतिशय महा मनहर, प्राप्त कर सुख पाए हैं।
कामदेव अरु चक्रवर्ति, देखकर शरमाए हैं।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर, स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।6।।

ॐ ह्रीं अतिशय रूप सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन में सहस्र इक आठ लक्षण, प्रभु जी प्रगटाए हैं।
सहस्त्राष्ट प्रभु नामधारी, लोक में कहलाए हैं।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।7।।

ॐ ह्रीं सहस्र अष्ट लक्षण सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रक्त तन का श्वेत सुन्दर, प्रभुजी शुभ पाए हैं।
महत महिमा वात्सल्य की, प्रभुजी प्रगटाए हैं।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।8।।

ॐ ह्रीं स्वेत रुधिर सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रिय हित-मित वचन प्रभु के, जगत में सुखकार हैं।
धर्म के आधार हैं शुभ, जगत मंगलकार हैं।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।9।।

ॐ ह्रीं हित मित प्रिय बचन सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बल अनंतानंत पाए, नहीं कोई पार है।
पुण्य का फल सुयश जग में, रहा अपरंपार है।।
जन्म के अतिशय जिनेश्वर स्वयं ही दस पाए हैं।
प्रभु चरणों में 'विशद' हम, भाव से सिरनाए हैं।।10।।

ॐ ह्रीं अनन्त बल सहजातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

केवलज्ञान के 10 अतिशय

शतक योजन दूर तक, प्रभु का जहाँ आसन रहा।
हो नहीं दुर्भिक्षता शुभ, क्षेत्र अति निर्मल कहा।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।11।।

ॐ ह्रीं योजन शत् चतुष्टय सुभिक्षत्व घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गगन में ही गमन होता, विशद यह अतिशय रहा।
पूर्व के शुभ पुण्य का फल, जैन आगम में कहा।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।12।।

ॐ ह्रीं आकाश गमन घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हो नहीं उपसर्ग कोई, ज्ञान केवल होय तब।
सुर पशु नर अरु अचेतन, नाश होवे आप सब।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।13।।

ॐ ह्रीं उपसर्गाभाव घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हो नहीं अदया वहां पर, प्रभू का आसन जहाँ।
धर्म का शुभ फल परस्पर, मित्रता होवे वहाँ।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।14।।

ॐ ह्रीं उदयाभाव घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षुधा से पीड़ित दिखाई, दे रहा संसार है।
नाश की है क्षुधा पीड़ा, नहीं कवलाहार है।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।15।।

ॐ ह्रीं कवलाहार घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शोभते हैं जिन प्रभु जी, समवशरण के बीच में।
दे रहे दर्शन चतुर्दिक, रहें न भव कीच में।।

ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।16।।

ॐ ह्रीं चतुर्मुख घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सकल विद्या के अधीपति, प्रभुजी ईश्वर कहे।
कर्म के नाशक प्रकाशक, प्रभू परमेश्वर रहे।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।17।।

ॐ ह्रीं सर्व विद्येश्वरत्व घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नहीं छाया पड़े तन की, परमौदारिक तन रहा।
रहा विस्मय एक यह भी, ज्ञान का अतिशय कहा।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।18।।

ॐ ह्रीं छायारहित घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

केश अरु नख नहीं बढ़ते, ज्ञान की महिमा कही।
रहें ज्यों के त्यों सदा ही, धर्म की गरिमा रही।।
ज्ञान केवल प्रकट होते, स्वयं दश अतिशय जगें।
दर्श करके भव्य प्राणी, मोक्ष मारग में लगें।।19।।

ॐ ह्रीं समान नख केशत्व घातिक्षयजातिशय धारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

14 देवकृत अतिशय

रही भाषा अर्द्धमागध, सभी को सुखकार है।
वाणी है ऊँकारमय शुभ, धर्म की आधार है।।

देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।21।।

ॐ ह्रीं सर्वार्धमागधी भाषा देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगत के सब प्राणियों में, भाव मैत्री के जगे।
धर्म के दीपक जहाँ में, आप ही शुभ जग-मगे।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।22।।

ॐ ह्रीं सर्व मैत्री भाव देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

षट् ऋतु के फूल फल शुभ, स्वयं ही खिलते वहाँ।
विशद ज्ञानी जिनवरों का, आगमन होवे जहाँ।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।23।।

ॐ ह्रीं सर्वर्तुफलादि देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूमि दर्पण वत् चमकती, पद पड़े प्रभु के जहाँ।
विशद ज्ञानी जिनवरों का, गमन होता है वहाँ।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।24।।

ॐ ह्रीं आदर्शतल प्रतिमा रत्नमही देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पवन सुरभित शुभ सुगन्धित, वहे अति मन मोहनी।
भव्य जीवों की सुभाषित, रहे अति शुभ सोहनी।।

देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।25।।

ॐ ह्रीं सुगन्धित विरहण मनुगत वायुत्व देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगत में आनन्द कारण, है प्रभु का आगमन।
भव्य प्राणी भाव से, करते चरण शत्-शत् नमन।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।26।।

ॐ ह्रीं सर्वानंदकारक देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूमि कंटक रहित हो शुभ, जहाँ प्रभु करते गमन।
भव्यप्राणी भाव से, करते चरण शत्-शत् नमन।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।27।।

ॐ ह्रीं वायुकुमारोपशमित धूलि कंटकादि देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नभ में जय जयकार होता, जीव सुखमय हों सभी।
धर्म की शुभ भावना से, दुःखमय न हों कभी।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।28।।

ॐ ह्रीं आकाशे जय-जयकार देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गंधोदक की वृष्टि करते, देव मिलकर के सभी।
झूमकर के नृत्य करते, भाव से सुर नर सभी।।

देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।29।।

ॐ ह्रीं मेघकुमारकृतगंधोदक वृष्टि देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु के पद तल कमल की, देवगण रचना करें।
हों जगत जन सुखी सारे, और की बाधा हरें।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।30।।

ॐ ह्रीं चरण कमल तल रचित स्वर्ण कमल देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गगन शुभ हो जाए निर्मल, जहाँ प्रभु का हो गमन।
सब दिशाओं को स्वयं ही, देव कर देते चमन।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।31।।

ॐ ह्रीं शरदकालवन्निर्मल गगन देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सब दिशाएँ धूम से हों, रहित निर्मल अति विमल।
आगमन हो जहाँ प्रभु का, जगत् हो जाए अमल।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।32।।

ॐ ह्रीं सर्वानंद कारक देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मचक्र चलता है आगे, प्रभु का जब हो गमन।
भव्य जन भक्ति से आकर, करें चरणों में नमन।।

देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।33।।

ॐ ह्रीं अग्रे धर्मचक्र देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट मंगल द्रव्य लेकर, देव भक्ति भाव से।
कर रहे अर्चा प्रभु की, मिल सभी सुर चाव से।।
देवकृत अतिशय हैं चौदह, महिमा प्रभु की गा रहे।
भाव से चरणों प्रभु के, शीष विशद झुका रहे।।34।।

ॐ ह्रीं अष्टमंगलद्रव्य देवोपनीतातिशयधारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बाह्य लक्ष्मी प्राप्त कर प्रभु, समवशरण विराजते।
रत्नकई निधियाँ जो पाके, अधर में ही राजते।।
लोकवर्ती इन्द्र सब, भक्ति में आकर झूमते।
भाव से पूजा करें अरु, चरण रज को चूमते।।35।।

ॐ ह्रीं बाह्य लक्ष्मी समवशरणादि विभूति प्राप्त श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अनंत चतुष्टय आदि लक्ष्मी, पाए अन्तर की निधि।
भव्य गुण पाए अनेकों, प्रभु पाए सन्निधि।।
लोकवर्ती इन्द्र सब, भक्ति में आकर झूमते।
भाव से पूजा करें अरु, चरण रज को चूमते।।36।।

ॐ ह्रीं अभ्यंतर लक्ष्मी अनंत चतुष्टयादि विभूति प्राप्त श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– **चौंतिस अतिशय प्राप्त कर, उभयलक्ष्मी पाय।**
समवशरण में राजते, तीर्थंकर जिनराय।।

ॐ ह्रीं चौंतिस अतिशय उभय लक्ष्मी प्राप्त श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चौसठ ऋद्धि के अर्घ्य

दोहा– **चौसठ ऋद्धि के शुभम, प्रातिहार्य के अर्घ्य।**
चढ़ा रहे हम भाव से, पाने सुपद अनर्घ।।

मण्डलस्योपरि– पुष्पाञ्जलि क्षिपेत

(चौथे वलय पर पुष्पाञ्जलि क्षेपण करें)

स्थापना

नेमिनाथ के श्री चरणों में भव्य जीव आ पाते हैं।
तीर्थंकर जिन के दर्शन से सर्व कर्म कट जाते हैं।।
गिरि गिरनार के ऊपर श्रीजिन, को हम शीष झुकाते हैं।
हृदय कमल के सिंहासन पर, आह्वानन कर तिष्ठाते हैं।।
राहु अरिष्ट ग्रह शांत करो प्रभु, हमने तुम्हें पुकारा है।
हमको प्रभु भव से पार करो, तुम बिन न कोई हमारा है।।

ॐ ह्रीं सर्व सर्वमंगलदायक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर–अवतर संवौषट् इति आह्वानन्। अत्र–तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।।

(ताटंक छंद)

द्वादश तप जो तपते मुनिवर, ऋद्धि पाते कई प्रकार।
अवधि ज्ञान षट् भेद युक्त शुभ, जिनका गुण प्रत्यय आधार।।
देशावधि परमा सर्वावधि, रूपी द्रव्य दिखाते हैं।
संयम तप अरु त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।1।।

ॐ ह्रीं श्री अवधि बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कैसा चिंतन करे कोई भी, मनःपर्यय से होवे ज्ञान।
ऋजु–मति अरु विपुलमति द्वय, भेद रूप जग में विख्यात।।
अवधि ज्ञान से सूक्ष्म विषय भी, मनःपर्यय हमें दिखाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।2।।

ॐ ह्रीं श्री मनःपर्यय बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चऊ कर्म घातिया क्षय होते, शुभ केवलज्ञान प्रकट होता।
दर्पण वह लोकालोक दिखे, सर्व कर्म कालिमा को खोता।।
ऋद्धि शुभ केवलज्ञान जगे, तब अर्हत पद को पाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।3।।

ॐ ह्रीं श्री केवल बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ शब्द श्रृंखला के द्वारा, जब एक शब्द का ज्ञान किए।
हो प्रतिभाषित सारा आगम, जागे तब श्रुत सम्पूर्ण हिये।।
है कल्पवृक्ष सम बुद्धि बीज, पाने का भाव बनाते है।।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।4।।

ॐ ह्रीं श्री बीज बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्यों धान्य भरे कोठे में कई, फिर भी वह भिन्न भिन्न रहते।
मिश्रण बिन बुद्धि से आगम वह पृथक–पृथक ही कहते।।
उन कोष्ठ बुद्धि ऋद्धि धारि मुनिवर को शीष झुकाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।5।।

ॐ ह्रीं श्री कोष्ठ बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन ग्रन्थों में है अनेक, मुनि मात्र एक पद का ज्ञान करें।
सम्पूर्ण ग्रन्थ का सार प्राप्त, करके जग का अज्ञान हरें।।
है श्रेष्ठ ऋद्धि पादानुसारिणी, जिनवर महिमा बतलाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।6।।

ॐ ह्रीं श्री पादानुसारिणी ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यह श्रवण का विस्मय है विशेष, समझे नर पशु की भाषा को।
वह नौ योजवन की जान रहे, त्यागे सब मन की आशा को।।

जो अक्षर और अनक्षर मय, द्वय भाषा में समझाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।7।।

ॐ ह्रीं श्री संभिन्न-श्रोतृ ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रसना इन्द्रिय की दीवानी, दिखती यह सारि जगती है।
गुरु निरस व्रत उपवास करे, शायद उन्हें भूख न लगती है।।
नौ योजन दूर की वस्तु का, गुरु रसस्वाद पा जाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।8।।

ॐ ह्रीं श्री दूरास्वादन ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है विषय अष्ट स्पर्शन के, जग के प्राणी सब पाते हैं।
जो अशुभ और शुभ रूप रहे, छूने से ज्ञान कराते हैं।।
नौ योजन दूर की वस्तु का, स्पर्श गुरु पा जाते हैं।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।9।।

ॐ ह्रीं श्री दूरस्पर्शन बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दुर्गन्ध और सुगन्ध घ्राण के द्वय, प्रभु ने यह विषय बताए है।
जग के प्राणी उनको पाकर, दुःख सुख पाकर अकुलाए है।।
नव योजन दूर कि वस्तु का, गुरु गंध ज्ञान पा जाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।10।।

ॐ ह्रीं श्री दूरगन्ध ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आतापन आदि तप करने, मुनिवर गिरि ऊपर जाते है।
फिर आतम रस में लीन हुए, अरु आत्म सरस रस पाते है।।
उत्कृष्ट विषय कर्णेन्द्रिय का, उसकी शक्ति उपजाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।11।।

ॐ ह्रीं श्री दूर श्रवण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नेत्रेन्द्रिय का उत्कृष्ट विषय, तप करके जो प्रकटाते है।
नेत्रों की शक्ति से ज्यादा, वह आतम शक्ति बढ़ाते है।।
यह श्रेष्ठ ऋद्धियाँ पाकर भी मुनि, हर्ष खेद न पाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।12।।

ॐ ह्रीं श्री दूरावलोकन ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अविराम ज्ञान उपयोग करें, विश्राम कभी न करते है।
प्रज्ञा को स्वयं विकसित कर, अज्ञान तिमिर को हरते हैं।।
होते महान प्रज्ञा धारी, गुरु प्रज्ञा श्रमण कहाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।13।।

ॐ ह्रीं श्री प्रज्ञाश्रमण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुत ज्ञान का विषय अनन्तक है, जो लोकालोक दिखाता है।
अष्टांग निमित्तक है महान, शुभ अशुभ का ज्ञान कराता है।।
स्वर-अंग भौम व्यंजन आदि, इनसे पहिचाने जाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।14।।

ॐ ह्रीं श्री अष्टांग निमित्त बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कोई कितना ज्ञानी आ जाए, पर उनसे जीत न पाता है।
है वाद-विवाद कुशल मुनिवर, उनके आगे झुक जाता है।।
जिन धर्म दिवाकर वे मुनिवर, जिन धर्म ध्वजा फहराते हैं।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।15।।

ॐ ह्रीं श्री वादित्य बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो चिंतन ध्यान मनन करते, नित स्वाध्याय में लीन रहे।
वह ग्यारह अंग पूर्व चौदह के ज्ञान में सदा प्रवीण रहे।।

हम द्वादशांग का ज्ञान करें, यह विशद भावना भाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।16।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्दश पूर्व ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दशम पूर्व पूरा होते ही, महा विद्याये आ जावें।
कार्य हेतु वह आज्ञा मांगे, मुनि के मन वह न भावें।।
श्रुत का चिंतन करते करते, श्रुत केवलि बन जाते है।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।17।।

ॐ ह्रीं श्री दशम पूर्व ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन अरु चेतन का भेद जानकर, लखते है आतम का रुप।
जानें ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय को, निज आतम का सत्य स्वरूप।।
प्रत्येक बुद्धि ऋद्धि के धारि भेद विज्ञान जगाते हैं।
संयम तप त्याग द्वारा मुनिवर, यह ऋद्धि पाते है।।18।।

ॐ ह्रीं श्री प्रत्येक बुद्धि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषिश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तपधारी मुनिवर के आगे, ऋद्धि शीष झुकाती है।
लेते जहां आहार मुनिश्वर जनता सब जिम जाती है।।
अक्षिण संवास ऋद्धि धारी मुनिवर अतिशय कारी है।
पूजा करते भक्ति भाव से, चरणों ढोक हमारी है।।19।।

ॐ ह्रीं श्री अक्षीण संवास ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

थोड़ी सी भूमि पर बैठें, जीव अनेकों कष्ट विहीन।
दर्श करें मुनिवर के आकर, भक्ति में होकर लवलीन।।
अक्षीण महानस ऋद्धि धारी, मुनिवर अतिशय कारी हैं।
पूजा करते भक्ति भाव से, चरणों ढोक हमारी हैं।।20।।

ॐ ह्रीं श्री अक्षीण महानस ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(चौबोला छन्द)

नभ चारण ऋद्धि धारी मुनि, नभ में पग–पग गमन करें।
सौ यौजन तक दूर क्षेत्र की, सभी आपदाशमन करें।।
नभ चारण ऋद्धिधर मुनि की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।21।।

ॐ ह्रीं श्री नभ चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चारण ऋद्धि धारी मुनि, जल के ऊपर गमन करें।
जल जन्तु न मरे कोई भी, उनकी बाधा शमन करें।।
जल चारण ऋद्धिधर मुनि की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।22।।

ॐ ह्रीं श्री जल चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नभ में चलते हुए मुनि के, घुटने मुड़ते नहीं कभी।
चऊ अंगुल पृथ्वी से ऊपर, धर्म भाव युत रहें सभी।।
जंघा चारण ऋद्धिधर मुनि की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।23।।

ॐ ह्रीं श्री जंघा चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प फलों पत्रों पर चलते, उनके जीव न दुःख पाते।
चारण ऋद्धि धारी मुनिवर, आगे बढ़ते ही जाते।।
पुष्प पत्र चारण ऋद्धिधर मुनि की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।24।।

ॐ ह्रीं श्री पुष्प पत्र चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि चारण ऋद्धिधर मुनि, अग्नि के ऊपर चलते।
अग्नि जीव को कष्ट न होता, मुनि के पैर नहीं जलते।।

अग्नि चारण ऋद्धिधर की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी अरु, मंगल होवे चारों ओर।।25।।

ॐ ह्रीं श्री अग्नि चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मेघों के ऊपर चलते पर, कोई जीव न मरते हैं।
शुभ मेघ चारिणी ऋद्धिधर से, जीव खेद न करते हैं।।
मेघ चारिणी ऋद्धिधर की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।26।।

ॐ ह्रीं श्री मेघ चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कोमल तन्तु के ऊपर मुनि, निर्भय चलते जाते हैं।
फिर भी तन्तु नहीं टूटता, उनको सब सिर नाते हैं।।
तन्तु चारण ऋद्धिधर की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।27।।

ॐ ह्रीं श्री तन्तु चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रवि चन्द्र नक्षत्रों द्वारा, ज्योर्तिमय है सारा लोक।
काल देखकर गमन करें शुभ, जिनके चरणों देता ढोक।।
ज्योतिष चारण ऋद्धिधर की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।28।।

ॐ ह्रीं श्री ज्योतिष चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गमन करें वायु पंक्ति में, चलते हैं जो गगन मंझार।
ज्ञान ध्यान में लीन रहें नित, महिमा जिनकी अपरम्पार।।
वायु चारण ऋद्धिधर की, पूजा करते भाव विभोर।
सुखमय होवे जीव सभी, अरु मंगल होवे चारों ओर।।29।।

ॐ ह्रीं श्री वायु चारण ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अणु बराबर छेद में, घुस जावें मुनिराज।
अणिमा ऋद्धी धारते, तारण तरण जहाज।।30।।

ॐ ह्रीं श्री अणिमा ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित, नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो सुमेरु सम देह को, बढ़ा लेते मुनिराज।
महिमा ऋद्धी धारते, तारण तरण जहाज।।31।।

ॐ ह्रीं श्री महिमा ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्क तूल सम लघू हों, तप बल से मुनिराज।
लघिमा ऋद्धी धारते, तारण तरण जहाज।।32।।

ॐ ह्रीं श्री लघिमा ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भारी होवे लोह सम, जिनका तन तत्काल।
गरिमा ऋद्धी धारते, मुनिवर दीन दयाल।।33।।

ॐ ह्रीं श्री गरिमा ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूमि पर रहते खड़े, छूवें सूरज चंद।
प्राप्ति ऋद्धी के धनी, मुनि रहें निर्द्वन्द।।34।।

ॐ ह्रीं श्री प्राप्ति ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जल में मुनि यों पग धरें, ज्यों थल में चल जाएँ।
ऋद्धीधर प्राकाम्य के, ऐसी महिमा पाए।।35।।

ॐ ह्रीं श्री प्राकाम्य ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जग की प्रभुता प्राप्त कर, बनते ईश समान।
ऋद्धीधर ईशत्व के, जग में सर्व महान।।36।।

ॐ ह्रीं श्री ईशत्व ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दृष्टि पड़ते मुनी की, वश में हों सब लोग।
महिमा होती यह सदा, वशित्व ऋद्धि के योग।।37।।

ॐ ह्रीं श्री वशित्व ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घुसे छेद बिन शैल में, बाधा कोई न होय।
अप्रतिघाति ऋद्धिधर, सम न जग में कोय।।38।।

ॐ ह्रीं श्री अप्रतिघाति ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिखते दिखते लोप हों, न हो मुनि का भान।
ऋद्धि तप से प्रकट हो, मुनि के अन्तर्धान।।39।।

ॐ ह्रीं श्री अन्तर्धान ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इच्छित फल पाते मुनी, इच्छित रूप बनाय।
काम रूपिणी ऋद्धिधर, जग में पूजे जाँय।।40।।

ॐ ह्रीं श्री काम रूपिणी ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तप में लीन रहे तपती नित, उग्र उग्र तप तपते रोज।
दीक्षा दिन से मरण काल तक, कर उपवास बढ़े शुभ ओज।।
कर्म शत्रु तप के द्वारा ही, भाई हो पाते निर्जीण।
पूजनीय वह धन्य मुनीश्वर, जिनने कर्म किये हैं क्षीण।।41।।

ॐ ह्रीं श्री उग्र तपोतिशय ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अनशन आदि तप करने से, क्षीण होय मुनिवर कि देह।
दीप्ति तपो ऋद्धि से तन की, दीप्ति बढ़े तव नि:सन्देह।।
कर्म शत्रु तप के द्वारा ही, भाई हो पाते निर्जीण।
पूजनीय वह धन्य मुनीश्वर, जिनने कर्म किये हैं क्षीण।।42।।

ॐ ह्रीं श्री दीप्त तपोतिशय ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तप से तप ऋद्धि की वृद्धि, करते हैं करते आहार।
तन मन बल बढ़ता है लेकिन, मल धातु न होय निहार।।
कर्म शत्रु तप के द्वारा ही, भाई हो पाते निर्जीण।
पूजनीय वह धन्य मुनीश्वर, जिनने कर्म किये हैं क्षीण।।43।।

ॐ ह्रीं श्री तप्त तपोतिशय ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिंह निष्क्रीडन आदि व्रत धर, व्रत पाले जो कई प्रकार।
त्याग करें उत्तम से उत्तम, महा तपों अतिशय को धार।।
कर्म शत्रु तप के द्वारा ही, भाई हो पाते निर्जीण।
पूजनीय वह धन्य मुनीश्वर, जिनने कर्म किये हैं क्षीण।।44।।

ॐ ह्रीं श्री महातपोतिशय ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वादश तप तपते हैं मुनिवर, आतापन आदि धर योग।
घोर तपो अतिशय ऋद्धिधर, हो उपसर्ग तथा कोई रोग।।
कर्म शत्रु तप के द्वारा ही, भाई हो पाते निर्जीण।
पूजनीय वह धन्य मुनीश्वर, जिनने कर्म किये हैं क्षीण।।45।।

ॐ ह्रीं श्री घोर तपोतिशय ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लोक जयी सागर शोषण की, शक्ति पावे कई प्रकार।
घोर पराक्रम ऋद्धि धारी, पाते तप विध के आधार।।
कर्म शत्रु तप के द्वारा ही, भाई हो पाते निर्जीण।
पूजनीय वह धन्य मुनीश्वर, जिनने कर्म किये हैं क्षीण।।46।।

ॐ ह्रीं श्री घोर पराक्रम तपोतिशय ऋद्धी धारक सहित सर्व ऋषीश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंच महाव्रत तिय गुप्ति धर, ब्रह्मचर्य व्रत से भरपूर।
अधोर ब्रह्मचर्य ऋद्धी धार से, कलह आदि भागें सब दूर।।

कर्म शत्रु तप के द्वारा ही, भाई हो पाते निर्जीण।
पूजनीय वह धन्य मुनीश्वर, जिनने कर्म किये हैं क्षीण।।47।।

ॐ ह्रीं श्री अघोर ब्रह्मचर्य तपोतिशय ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(त्रिभंगी छंद)

मन बल की ऋद्धि, रही प्रसिद्धी, श्रुत का चिन्तन होय विशेष।
चिन्तन की शक्ति प्रभु की भक्ति, से मुहूर्त में होय अशेष।।
संयम से पावे ध्यान लगावे, आतम की शुद्धि पावे।
ऋद्धि हम पावे ज्ञान जगावे, मुनिवर के शुभ गुण गावे।।48।।

ॐ ह्रीं श्री मनोबल ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वचनों की शक्ति प्रभु की भक्ति, करते श्रुत का उच्चारण।
हो वचन अनोखे जग में चोखे, ऋद्धि सिद्धि का हो कारण।।
मुनिवर की वाणी जग कल्याणी, कर्ण सुने तृप्ति पावे।
ऋद्धि हम पावे ज्ञान जगावे, मुनिवर के शुभ गुण गावे।।49।।

ॐ ह्रीं श्री वचनबल ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

खड्गासन ठाड़े गर्मी-जाडे, कष्ठ नहीं कोई पावे।
तप की यह शक्ति देवे मुक्ति, अतिशय ऋद्धि दिखलावे।।
है ऋद्धि पावन जन मन भावन, मुनिवर ही इसको पावे।
ऋद्धि हम पावें ज्ञान जगावे, मुनिवर के शुभ गुण गावे।।50।।

ॐ ह्रीं श्री कायबल ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(चाल छन्द)

मुनि तप की अग्नि जलावें, फिर सारे कर्म नशावें।
आमर्षोषधि ऋद्धि धारी, हैं सारे रोग निवारी।।

हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।51।।

ॐ ह्रीं श्री आर्मोषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कफ लार थूक आ जावे, जो सारे रोग नशावे।
क्ष्वेलौषधि ऋद्धिधारी है, सारे रोग निवारी।।
हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।52।।

ॐ ह्रीं श्री क्ष्वेलौषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन में जल्ल स्वेद बनावे, वह शुभ औषधि बन जावे।
जल्लौषधि ऋद्धिधारी, है सारे रोग निवारी।।
हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।53।।

ॐ ह्रीं श्री जल्लौषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्णादि जिह्वा का मल, बन जाए औषधि मंगल।
मल्लौषधि ऋद्धिधारी, है सारे दोष निवारी।।
हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।54।।

ॐ ह्रीं श्री मल्लौषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बन जाए मूत्र मल औषधि, हर लेवे पर की व्याधि।
विद्रौषधि ऋद्धिधारी, होते जग मंगलकारी।।
हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।55।।

ॐ ह्रीं श्री विप्रौषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि तन जो छूवे वायु, नश रोग बढ़ावे आयु।
सर्वौषधि ऋद्धिधारी, हर लेते व्याधि सारी।।
हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।56।।

ॐ ह्रीं श्री सर्वोषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्नादि में विष होवे, कहते मुनि के सब खोवे।
मुखनिर्विष ऋद्धिधारी हर, लेते व्याधि सारी।।
हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।57।।

ॐ ह्रीं श्री मुखनिर्विषौषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दृष्टि में औषधि आवे, देखत ही जहर बिलावे।
दृष्टि निर्विष औषध धारी, हर लेते व्याधि सारी।।
हम पूजा करने आये, चरणों में शीष झुकावे।
सब रोग शोक मिट जावे, आशीष आपका पावे।।58।।

ॐ ह्रीं श्री दृष्टि निर्विषौषधि ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(तांटक छंद)

उत्तम तप करने से मुनिवर, ऐसी ऋद्धि पाते हैं।
मानव से कह दें मरने को, शीघ्र वहीं मर जाते है।।
करुणा के धारी मुनिवर शुभ, कभी न ऐसा करते है।
देते है वरदान सभी को, औरों के दुःख हरते है।।59।।

ॐ ह्रीं श्री दृष्टि आशीर्विष रस ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कोई गल्ती हो जाने पर, क्रोध यदि मुनि को आवे।
दृष्टि पड़ जावे यदि उस पर, शीघ्र मृत्यु को वह पावे।।

करुणा के धारी मुनिवर शुभ, कभी न ऐसा करते है।
देते है वरदान सभी को, औरों के दुःख हरते है।।60।।

ॐ ह्रीं श्री दृष्टिविष रस ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रुक्ष आहार मुनि के कर में हो, जाता है क्षीर समान।
त्याग करें वह नित्य प्रति कुछ, मुनिवर हैं सद्गुण की खान।।
करुणा के धारी मुनिवर शुभ, कभी न ऐसा करते है।
देते है वरदान सभी को, औरों के दुःख हरते है।।61।।

ॐ ह्रीं श्री क्षीरस्रावी रस ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देवे रुक्ष आहार यदि कोई, हाथों में हो मधु समान।
त्याग त्याग कर भोजन करते, मुनिवर है सद्गुण की खान।।
करुणा के धारी मुनिवर शुभ, कभी न ऐसा करते है।
देते है वरदान सभी को, औरों के दुःख हरते है।।62।।

ॐ ह्रीं श्री मधुस्रावि रस ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विष मिश्रित भोजन हाथों में, अमृत मय हो जाता है।
अमृतस्रावी ऋद्धिधर की, महिमा को बतलाता है।।
करुणा के धारी मुनिवर शुभ, कभी न ऐसा करते है।
देते है वरदान सभी को, औरों के दुःख हरते है।।63।।

ॐ ह्रीं श्री अमृतस्रावि रस ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रूक्ष आहार मुनि के कर में, घृत समान हो मधुर महान।
सर्विस्रावि ऋद्धिधर की, होती है इससे पहिचान।।
करुणा के धारी मुनिवर शुभ, कभी न ऐसा करते है।
देते है वरदान सभी को, औरों के दुःख हरते है।।64।।

ॐ ह्रीं श्री सर्पिस्रावि रस ऋद्धी धारक, सर्व ऋषीश्वर पूजित नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट प्रातिहार्य

सुखद सुन्दर सुर तरु है, अशोक जिसका नाम है।
सौख्यकारी जगत जन का, शोक हरना काम है।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।65।।

ॐ ह्रीं तरु अशोक सत् प्रातिहार्य सहित सर्व मंगलदायक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुर पुष्प वृष्टि कर रहे हैं, नृत्य करते भाव से।
हम पूजते हैं जिन प्रभु को, सभी मिलकर चाव से।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।66।।

ॐ ह्रीं तरु अशोक सत् प्रातिहार्य सहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिव्य ध्वनि खिरती प्रभु की, जगत में सुखकार है।
जो भव्य जीवों के लिए, शुभ धर्म की आधार है।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।67।।

ॐ ह्रीं दिव्यध्वनि सत् प्रातिहार्य सहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चतु: षष्टि देवगण शुभ, चंवर ढौरें भाव से।
भक्ति करते नृत्य करके, सिर झुकाते चाव से।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।68।।

ॐ ह्रीं चतुषष्ठि चँवर सत् प्रातिहार्य सहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिंहासन है रत्न मण्डित, समवशरण के बीच में।
करें भक्ति भाव से जो, फँसें नहिं जग कीच में।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।69।।

ॐ ह्रीं सिंहासन सत् प्रातिहार्य सहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अति प्रभा मण्डित भामण्डल, सूर्य को लज्जित करे।
जो सप्त भव दर्शाय भवि के, हर्ष से मन को भरे।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।70।।

ॐ ह्रीं भामण्डल सत् प्रातिहार्य सहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुर दुंदुभि बजती सुहावन, प्रभु के गुण गा रही।
देखकर जनता नगर की, गा रही हर्षा रही।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।71।।

ॐ ह्रीं देवदुंदुभि सत् प्रातिहार्य सहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शीश पर प्रभु के मनोहर, क्षत्र त्रय शुभ झूमते।
कर रहे हैं भक्ति आकर, देव पद को चूमते।।
प्रातिहार्य जिनेन्द्र पाए, चरण में उनके नमन।
यह अर्घ अर्पित मैं करूँ प्रभु, कर्म हों मेरे शमन।।72।।

ॐ ह्रीं छत्रत्रय सत् प्रातिहार्य सहित श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठाह्न **चौंसठ ऋद्धि पाय, प्रातिहार्य वसु पाए हैं।**
विशद मोक्ष को जाय, पूजा कर जिन देव की।।73।।

ॐ ह्रीं चौसठ ऋद्धि अष्ट प्रातिहार्य सहिताय श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप:- ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐ अर्हं श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय नम:।

समुच्चय जयमाला

दोहा– नेमिनाथ के चरण में, झुका रहे हम माथ।
गाते हैं जयमालिका, भक्तिभाव के साथ।।

(चौपाई छन्द)

नेमीनाथ दया के सागर, करुणाकर हे ज्ञान ! उजागर।
प्रभु हैं जन–जन के हितकारी, ज्ञानी ध्यानी जग उपकारी।।
तीन काल तिय जग के ज्ञाता, जन–जन का प्रभु तुमसे नाता।
तुमने मोक्ष मार्ग दर्शाया, नर जीवन का सार बताया।
सुर नर जिनको वन्दन करते, ऐसे प्रभु जग के दुःख हरते।।
कार्तिक शुक्ला षष्ठी प्यारी, प्रभु जी आप हुए अवतारी।
राजा समुद्र विजय के घर में, रानी शिवादेवी के उर में।।
अपराजित से च्युत हो आये, शौरीपुर नगरी को पाए।
श्रावण शुक्ला षष्ठी आई, शैरीपुर में जन्में भाई।।
अनहद बाजे देव बजाए, सुर–नर पशु मन में हर्षाए।
इन्द्र तभी ऐरावत लाया, सची ने प्रभु को गोद बिठाया।।
माया मय शिशु वहाँ लिटाया, माता ने कुछ जान न पाया।
क्षीर सिंधु से जल भर लाये, वसु योजन के कलश भराये।
पाण्डुक वन अभिषेक कराये, इन्द्रों ने तव चँवर ढुराये।
शंख चिन्ह दाएँ पग पाया, नेमिनाथ सुर नाम सुनाया।।
आयु सहस्त्र वर्ष की पाई, चालीस हाथ रही ऊँचाई।
श्याम वर्ण प्रभु तन का पाया, जग को अतिशय खूब दिखाया।।
नारायण बलदेव से भाई, आन मिले जो हैं अधिकाई।
कौतूहल वश बात ये आई, शक्ति किसमें अधिक है भाई।।

कोई वीर बलदेव को कहते, कोई कृष्ण की हामी भरते।
कोई शम्भू नाम पुकारें, कोइ अनिरुद्ध के देते नारे।।
नेमीनाथ का नाम भी आया, कुछ लोगों को नहीं ये भाया।
ऊँगली कनिष्ठ मोड़ दिखलाई, सीधी करे जो वीर है भाई।।
सब अपनी शक्ति अजमाए, कोई सीधी न कर पाए।
हार मान योद्धा सिरनाये, श्री कृष्ण मन में घबड़ाए।।
राज्य छीन न लेवे भाई, कृष्ण ने युक्ति एक लगाई।
जल क्रीड़ा की राह दिखाई, पटरानी कई साथ लगाई।।
नेमी जामवती से बोले, भाभी मेरी धोती धो ले।
भाभी ने तब रौब जमाया, मैंने पटरानी पद पाया।।
तुम भी अपना ब्याह रचाओ, रानी पा धोती धुलवाओ।
मेरे पति चक्र के धारी, शंख बजाते विस्मयकारी।।
तुमको जरा लाज नहिं आई, हमसे छोटी बात सुनाई।
रोम–रोम प्रभु का थर्राया, उनको सहन नहीं हो पाया।।
आयुधशाला पहुँचे भाई, शैया नाग की प्रभु बनाई।
पैर की ऊँगली को फैलाया, उस पर रख कर चक्र चलाया।
पीछे हाथ में शंख उठाया, नाक के स्वर से उसे बजाया।।
उससे तीन लोक थर्राया, श्री कृष्ण का मन घबड़ाया।
जाकर भाई को समझाया, उनके मन को धैर्य दिलाया।।
शादी की तब बात चलाई, जूनागढ़ पहुंचे फिर भाई।
उग्रसेन से कृष्ण सुनाए, राजुल नेमि से परणाएँ।।
उग्रसेन हर्षित हुए भारी, शीघ्र ब्याह की की तैयारी।
कृष्ण ने तब की मायाचारी, नृप बुलवाए मांसाहारी।।

नेमि दूल्हा बनकर आए, बाड़े में कई पशु रंभाए।
करुणा से नेमि भर आए, पूछा क्यों यह पशु बंधाए।।
इन पशुओं का मांस बनेगा, इन लोगों में हर्ष मनेगा।
सुनते ही वैराग्य समाया, पशुओं का बन्धन खुलबाया।।
कंगन तोड़े वस्त्र उतारे, गिरनारी जा दीक्षा धारे।
राजुल सुनकर के घबड़ाई, दौड़ प्रभु के चरणों आई।।
प्रभु को राजुल ने समझाया, नहिं माने तो साथ निभाया।
केशलुंच कर दीक्षा धारी, बनी आर्यिका राजुल नारी।
श्रावण शुक्ला षष्ठी पाए, पद्मासन से ध्यान लगाए।।
सहस एक नृप दीक्षा धारे, द्वारावति में लिए आहारे।
श्रावण सुदि नौमी दिन पाया ! वरदत्त ने यह पुण्य कमाया।।
अश्विन सुदि एकम् दिन आया, प्रभु ने केवलज्ञान जगाया।
सवशरण मिल देव बनाए, दिव्य देशना प्रभु सुनाए।।
ग्यारह गणधर प्रभु ने पाए, वरदत्त उनमें प्रथम कहाए।
आषाढ़ शुक्ल आठें दिन भाई, ऊर्जयंत से मुक्ति पाई।।
सौख्य अनन्त प्रभु ने पाया, नर जीवन का सार बताया।
हम भी उस पदवी को पाएँ, कर्म नाश कर मुक्ति पाएँ।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगलदायक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

शांति मिले विशेष, रोग शोक चिंता मिटे।
पाप शाप हो नाश, विशद मोक्ष पदवी मिले।।

(पुष्पाञ्जलि क्षिपेत्)

श्री नेमिनाथ की आरती

तर्ज– भक्ति बे करार है....

नेमिनाथ दरबार है, प्रभु की जय जयकार है।
आरति करने आये स्वामी, आज तुम्हारे द्वार हैं।।
सौरीपुर में जन्म लिए प्रभु, घर–घर मंगल छाया जी।
इन्द्र सुरेन्द्र महेन्द्र सभी ने, प्रभु का न्हवन कराया जी।।
नेमिनाथ दरबार है, प्रभु की जय जयकार है।
आरति करने आये स्वामी, आज तुम्हारे द्वार हैं।।1।।
नेमिकुंवर जी ब्याह रचाने, जूनागढ़ को आये जी।
पशुओं का आक्रन्दन लखकर, उनको तुरत छुड़ाए जी।।
नेमिनाथ दरबार है, प्रभु की जय जयकार है।
आरति करने आये स्वामी, आज तुम्हारे द्वार हैं।।2।।
मन में तब वैराग्य समाया, देख दशा संसार की।
राह पकड़ ली तभी प्रभु ने, महाशैल गिरनार की।।
नेमिनाथ दरबार है, प्रभु की जय जयकार है।
आरति करने आये स्वामी, आज तुम्हारे द्वार हैं।।3।।
पञ्च मुष्टि से केशलुंच कर, भेष दिगम्बर धारे जी।
कठिन तपस्या के आगे सब, कर्म शत्रु भी हारे जी।।
नेमिनाथ दरबार है, प्रभु की जय जयकार है।
आरति करने आये स्वामी, आज तुम्हारे द्वार हैं।।4।।
केवलज्ञान जगाकर प्रभु ने, जग को राह दिखाई जी।
भवसागर का पार करूँ, यह 'विशद' भावना भाई जी।।
नेमिनाथ दरबार है, प्रभु की जय जयकार है।
आरति करने आये स्वामी, आज तुम्हारे द्वार हैं।।5।।

●●●

श्री नेमिनाथजी की आरती

म्हारे नेमिनाथजी की सुन्दर प्रतिमा, मंगलकारी जी।
मंगलकारीजी जगमें, संकट हारी जी।।
म्हारे नेमिनाथ...।।1।।

गिरि गिरनार शिखर के ऊपर, प्रभु सम्यक् तप धारे जी।
होकर के निर्ग्रन्थ दिगम्बर अपने वस्त्र उतारे जी।।
म्हारे नेमिनाथ...।।2।।

समुद्र विजय गृह सौरीपुर में, आप लिये अवतारे जी।
शिवा देवी को धन्य किया है, जागे भाग्य हमारे जी।।
म्हारे नेमिनाथ...।।3।।

पशुओं का आक्रन्दन सुनकर, जागा शुभ वैराग्य जी।
प्रभु दर्शन का अवसर पाया, जागा मम् सौभाग्य जी।।
म्हारे नेमिनाथ...।।4।।

होकर के निर्विक्त जहाँ से, आतम ध्यान लगाया जी।
कर्म घातिया नाश किये प्रभु, केवलज्ञान जगाया जी।।
म्हारे नेमिनाथ...।।5।।

दिव्य देशना आप सुनाए, किया जगत् कल्याण जी।
सर्व कर्म का नाश किए तव, पाये पद निर्वाण जी।।
म्हारे नेमिनाथ...।।6।।

मोक्ष महल में जाने का शुभ, हमने भाव बनाया जी।
'विशद' मुक्ति को पाने हेतु, चरण शरण में आया जी।।
म्हारे नेमिनाथ...।।7।।

●●●

प्रशस्ति

दोहा- भरत क्षेत्र के मध्य है, भारत देश महान।
वृषभादि चौबीस शुभ, जहाँ हुए भगवान।।

भारत में कई प्रान्त हैं, एक रहा गुजरात।
गरिमा से करता कई, देशों को भी मात।।
ऊर्जयन्त गिरनार गिरि, जग में रहा महान।
नेमिनाथ भगवान ने, पाया पद निर्वाण।।
वन्दन करके तीर्थ पर, मिलता है सुख चैन।
दर्शन करने को सभी, जाते जैन अजैन।।
काल दोष से या कहें, हुई है कोई भूल।
लोग धर्म से च्युत हुए, चले नहीं अनुकूल।।
वैष्णव मत के सन्त भी, पहुँचे दर्शन हेत।
जनता भी पहुँची वहाँ, निज परिवार समेत।।
संतों में लालच बढ़ा, काफी पाया दान।
बना लिया फिर वहीं पर, अपना निज स्थान।।
दत्तत्रय के नाम का, माने तीरथ धाम।
कब्जा जबरन कर लिया, चला न कोई पैगाम।।
साधु कई रहते वहाँ, लेकर के त्रिशूल।
नेमिनाथ के नाम से, हो जाते प्रतिकूल।।
उन प्रभु के गुणगान को, लिक्खा एक विधान।
पच्चिस सौ चौंतिस रहा, महावीर निर्वाण।।
जिला एक अजमेर है, प्रान्त है राजस्थान।
पावन वर्षा योग में, श्रावण मास महान।।
सोलह दिन के पक्ष में, सोलह हुए विधान।
भक्ति भाव से मिल किए, जिनवर का गुणगान।
नेमिनाथ विधान से, पूजा करके लोग।
बल बुद्धि वैभव सभी, का पावें संयोग।।
भूल चूक को भूलकर, पढ़े भाव के साथ।
कर्म नाश कर वह बने, शिवनगरी के नाथ।।

सोरठा- विशद भाव के साथ, नेमिनाथ पूजा करें।
पावें मुक्ति बास, अजर अमर पद को लहें।।

●●●